23 page 1_01.qxd 10/22/2023 10:24 PM Page 1

दुर्गा नवमी आज माता सिद्धिदात्री की करें पूजा ...

दैनिक
भरोसा मित्र
ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की

एचसीएस परीक्षा परिणाम रद्द करें ...

p6

■ वर्ष:1 ■ अंक: 44 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ सोमवार ■ 23 अक्टूबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

न्यूज डायरी

भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया

नई दिल्ली। क्रिकेट विश्व कप में लगातार पांचवीं जीत दर्ज करते हुए आज भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया। भारत की जीत का क्रिकेट प्रेमियों ने जमकर जश्न मनाया। विराट कोहली ने शानदार 95 रन बनाकर टीम को मजबूत किया। रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। न्यूजीलैंड ने 273 रन बनाए जवाब में भारत ने इस लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। बता दें कि भारत ने विश्व कप 2023 में लगातार 5वीं जीत हासिल की। टीम ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में कीवियों पर 20 साल बाद जीत हासिल की है। इससे पहले, 2003 में सेंचुरियन के मैदान पर कीवियों को 7 विकेट से हराया था। इस जीत से भारतीय टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई है। अब टीम इंडिया के खाते में 5 मैचों के बाद 10 अंक हो गए हैं। ऐसे में भारत के टॉप-4 में पहुंचने की संभावनाएं मजबूत हो गई हैं। टीम को अब 4 में से 2 ही मैच जीतने होंगे।

तेलंगाना में भाजपा ने तीन सांसदों को दिया विधानसभा का टिकट

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को तेलंगाना में विधानसभा चुनाव के लिए 52 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इसमें तेलंगाना के पूर्व अध्यक्ष बंदी संजय कुमार समेत तीन लोकसभा सांसदों को टिकट दिया गया है। पार्टी ने अपने फायर ब्रांड नेता टी राजा सिंह का निलंबन भी रद्द कर दिया है। उन्हें गोशामहल विधानसभा सीट से टिकट दिया है। बता दें कि राजा को पैगंबर मोहम्मद के प्रति कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए पिछले साल निलंबित किया गया था।

नई शिक्षा नीति में भी **प्री-नर्सरी शिक्षा** का प्रावधान किया गया अनिवार्य

अगले 2 वर्षों में 4 हजार आंगनबाड़ी केंद्र बनेंगे प्ले वे स्कूल: मनोहर लाल

सरकारी प्ले वे स्कूलों में दी जा रही उच्च दर्जे की प्री-स्कूल शिक्षा

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ़ । मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्री-नरसरी शिक्षा का प्रावधान और इसी कड़ी में आगामी 2 वर्षों में राज्य के 4 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों को प्ले स्कूलों में बदला जायेगा। अब तक प्ले स्कूलों में लगभग 40 हजार बच्चे दाखिला ले चुके हैं जहां उन्हें खेल-खेल में शिक्षा के साथ उनके मानसिक विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना को मुख्यतः तीन चरणों में बांटा गया जिसके प्रथम चरण में स्टेट रिसोर्स ग्रुप तैयार किए गए हैं । प्रत्येक जिले से एक बाल विकास परियोजना अधिकारी, एक शिक्षा विभाग के प्रवक्ता एवं दो पर्यवेक्षकों को मिलाकर एक टीम का गठन किया गया जिन्होंने स्वयं अभ्यास कक्षाएं चलाने के पश्चात अगले स्तर का प्रशिक्षण लिया। इस योजना के दूसरे चरण में हरियाणा प्रदेश के सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के द्वारा स्वयं कक्षाएं चलाकर देखी गई और तीसरे चरण में इन्हीं अधिकारियों द्वारा 25,962 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया ताकि वह यह जान सके कि बच्चों को कैसे व किस माध्यम से पढ़ाया जाए। सीएम ने कहा कि सतत विकास के वैश्विक लक्ष्य 4.2 के अनुसार सभी बच्चों के बचपन की शुरुआत में उन्हें उत्तम विकास, सही देखभाल, और उच्च दर्जे की प्री-स्कूल शिक्षा प्राप्त होनी चाहिए जिससे वे प्राइमरी शिक्षा के लिए तैयार हो सके। इस लक्ष्य को पूरा करने में भारत सरकार के दृढ़ संकल्प की दिशा में हरियाणा सरकार काफी तेजी से आगे बढ़ रही है।

सभी प्ले स्कूलों को इंडोर व आउटडोर सामग्री उपलब्ध कराई जा रही



उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा सभी प्ले स्कूलों को इंडोर व आउटडोर सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। समय-समय पर कार्यकर्ताओं द्वारा पेरेंट्स मीटिंग यानी पीटीएम भी की जा रही है जिसमें बच्चों की प्रगति व सुधार के विषय पर चर्चा की जाती है। आगामी 2 वर्षों में और 4000 आंगनबाड़ी केंद्रों को प्ले स्कूलों में बदलने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कार्य शुरू किया जा चुका है । हरियाणा सरकार यह सुनिश्चित कर रही है की हरियाणा में सभी बच्चों को उच्च दर्जे की प्री-स्कूल शिक्षा प्राप्त हो, उनका भविष्य उज्ज्वल हो और वे देश की उन्नति में भागीदार बन सकें।

बैंक अकाउंट अपडेट नहीं करने पर पंचायतों को भेजा नोटिस

सवाल है कि 193 करोड़ ट्रांसफर होने के बाद कहां गए

भरोसा मित्र ब्यूरो

चंडीगढ़। सरकार की ओर से 22 ग्राम पंचायतों के द्वारा बैंक खाते अपडेट नहीं कराए जाने के मामले में नोटिस भेजा गया है। इनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है कि कई बार स्मरण कराने पर भी इन्होंने अपने बैंक खातों को अपडेट नहीं करवाने के क्या कारण हैं।

गौरतलब है कि बैंक खातों के अपडेट नहीं होने के कारण 15वें वित्त आयोग की राशि पंचायतों तक नहीं पहुंच रही है। इस वजह से वहां का विकास कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है।

राज्य के पंचायत विभाग के कुछ अधिकारियों ने आशंका जताई है कि बैंक खातों के अपडेट होते ही पंचायतों की अकाउंट डिटेल सार्वजनिक हो जाएगी, जिससे पंचायतों को भेजे गए सरकारी धन के दुरुपयोग होने की संभावना ज्यादा हो जाएगी। यह कदम सरपंचों और पूर्व सरपंचों के लिए मुश्किलें पैदा कर सकता है।

सबसे अधिक पंचायतें सोनीपत की

इनमें सोनीपत जिले की सबसे अधिक 10 पंचायतें हैं। इसके बाद फतेहाबाद की 7, अंबाला, पानीपत, रेवाड़ी, सिरसा की एक-एक पंचायतें शामिल हैं। इन सभी पंचायतों के बैंक खाते अपडेट नहीं किए गए हैं जबकि इस बारे में कई बार निर्देश जारी किए गए,लेकिन उन्हें अनदेखा किया गया है।

कहां गए 193 करोड़ 46 लाख रुपये

केंद्र सरकार के 15वें वित्त आयोग ने राज्य पंचायतों के विकास के लिए 193 करोड़ 46 लाख रुपए की राशि अगस्त में ट्रांसफर की थी । इन 22 पंचायतों के बैंक खाते अपडेट नहीं होने के कारण यह राशि उनमें नहीं पहुंची। सरकार गांवों के विकास को लेकर सतर्क है, इसलिए पंचायत विभाग सभी जिलों पर नजर रहा है।

जेजेपी ने लोगों से किया विश्वासघात : दीपेंद्र

- बोले, इस बार इसका एक भी विधायक दोबारा विधानसभा में नहीं दिखेगा

भरोसा मित्र ब्यूरो

रोहतक। राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने जेजेपी-बीजेपी गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि इसका एक भी विधायक दोबारा हरियाणा की विधानसभा में नहीं जाएगा। इन्होंने हरियाणा की जनता के साथ विश्वासघात किया है। जन भावना यही है कि जेजेपी का एक भी विधायक न आए। जेजेपी और बीजेपी का गठबंधन ठगबंधन है। इनके 7-8 महीने बचे हैं। वह रविवार को अपने निवास पर मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि धान के खरीद और निर्यात पर बीजेपी सरकार पर अडाणी को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने निर्यात पर लगी रोक पर कहा कि धान के निर्यात में बड़े-बड़े समूह आ गए हैं, जो किसान की कम दाम पर फसल खरीद रहे हैं। दीपेंद्र ने दावा किया कि जब किसान की फसल बिक जाएगी, तब निर्यात पर रोक हट जाएगी।उन्होंने कहा कि बड़े समूह जब से निर्यात में आए है, हर साल इस तरह हो रहा है। बीजेपी सरकार इन बड़े समूह को फायदा पहुंचा रही है।

कोयले का दाम कैसे हुआ दोगुना

कांग्रेस सांसद ने कहा कि जो कोयला ऑस्ट्रेलिया से चला उसके दाम इंडिया आते दो गुना हो गए। ऐसा क्या हुआ कि इसके दाम दोगुने हो जाए। कोयले के दाम बढ़ने से बिजली भी बहुत महंगी हो गई है। इसकी जांच होनी चाहिए। अडाणी समूह को सरकार फायदा पहुंचा रही है।

जितनी संख्या उसको उतना हक

दीपेंद्र हुड्डा ने जातीय जनगणना को लेकर कहा कि यह सभी राज्यों मे करवाई जानी चाहिए। जिसकी जितनी संख्या हो उसको उतना ही हक मिलना चाहिए। वह जातीय जनगणना का समर्थन करते हैं।

अभय चौटाला ने की विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग

भरोसा मित्र ब्यूरो

चंडीगढ़। इनेलो के विधायक अभय चौटाला ने सीएम से कहा है कि को संपर्क नहर के मुद्दे को सुलझाने को लेकर सर्वदलीय बैठक और विधानसभा के विशेष सत्र बुलाया जाए। उन्होंने इस सिलसिल में मुख्यमंत्री मनोहर लाल को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने। अभय चौटाला का कहना है कि इस मुद्दे पर पूरा हरियाणा एकमत है। यह संदेश पंजाब तक जाना चाहिए। इनेलो नेता ने एसवाईएल पर लेकर एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने और उनसे इसमें हस्तक्षेप करने का सुझाव भी दिया है।इनेलो नेता ने लिखा है कि एसवाईएल को लेकर पंजाब का पिछले 18 साल से अड़ियल रवैया रहा है। जब भी इस पर बात होती है वह रुकावटें पैदा करता है। सुप्रीम कोर्ट ने 10 नवंबर 2016 को आदेश दिया था कि केंद्र सरकार की देखरेख में नहर का निर्माण कराया जाए, लेकिन पंजाब सरकार के कारण यह पूरा नहीं हो सका।

पंजाब लगातार सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर रहा है, ऐसे में अब जरूरी हो गया है कि इस मुद्दे को लेकर सरकार के द्वारा सुप्रीम कोर्ट में तथ्यों को लेकर गंभीर पैरवी की जाए।

- एसवाईएल के बारे में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

क्या लिखा है अपने पत्र में

अभय चौटाला के अनुसार एसवाईएल को लेकर तुरंत सभी राजनीतिक दलों की सर्वदलीय बैठक बुलाई जानी चाहिए। बैठक में इस पर वस्तार से चर्चा करवाई जाए। इस मसले कि पहलुओं करके अहम कदम उठाए जाएं। उन्होंने लिखा है कि सभी दलों को एसवाईएल मुद्दे को लेकर एकजुट होना चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री को विधानसभा का विशेष सत्र तुरंत बुलाएं। फिर सत्र के जरिए पंजाब और केंद्र सरकार के सामने नहर निर्माण को लेकर मजबूत संदेश दिया जाए। बता दें कि गत 4 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने नहर निर्माण नहीं कराए जाने को लेकर पंजाब सरकार के लिए तीखी टिप्पणी की है। जाहिर है कि पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर रहा है। हरियाणा को इस मामले में कानूनी विशेषज्ञों की सलाह लेने में विलंब नहीं करना चाहिए।

खबर फटाफट

आरबीएसएम ने प्रतियोगिताओं में लहराया परचम

सोहना : गांव भौंड़सी स्थित आरबीएसएम विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जिला स्तरीय बाल महोत्सव की विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल होकर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाते हुए परचम लहराया है। आरबीएसएम विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे कक्षा 7वीं के छात्र आर्यन ने बेस्ट ड्रामेबाज में तृतीय स्थान, कक्षा 11वीं के छात्र जतिन ने एकल गायन में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन भागीरथ राघव, निर्देशिका श्रीमती विमला राघव, प्रधानाचार्या श्रीमती मंजू जागिंड ने इन विजेता विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या श्रीमति मंजू जांगिड़ ने कहा कि बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा को उजागर करना हमारा कर्तव्य है। इसलिए बच्चों को अनेक क्रियात्मक कार्यों में भी भाग लेना चाहिए।

मां करुणामयी शक्तिपीठ ने अष्टमी पर चलाया भंडारा

सोहना : गांव सांपकी नंगली स्थित शक्तिपीठ मां करूणामयी मंदिर शक्तिपीठ की तरफ से अष्टमी के उपलक्ष्य में रविवार को धर्मनिष्ठ भक्त शिरोमणि तपोमूर्ति पीठाधीश्वर नंद बाबा जी के सानिध्य में विशाल भंडारा चलाया गया। भंडारे का शुभारंभ धर्मनिष्ठ भक्त शिरोमणि तपोमूर्ति पीठाधीश्वर नंद बाबा ने मंदिर में ज्योति प्रज्जवलित करके किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए समाजसेवी जेपी शर्मा, पंडित अमरकिशोर शर्मा, संजीव गुप्ता सर्राफ, धीरज सिंगला और समाजसेवी लाला बसंतलाल किरंजिया, विकास सिंगला, नरेश घोडारोप, पवन घोड़ारोप, हनुमान शर्मा, योगेश गर्ग ने बताया कि भंडारे का आयोजन गांव सांपकी नंगली स्थित शक्तिपीठ मां करूणामयी मंदिर शक्तिपीठ की तरफ से नवरात्रों के उपलक्ष्य में किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने सपरिवार बढ़-चढ़कर भारी तादाद में हिस्सा लिया। नंद बाबा ने कहा है कि 84 करोड़ योनि के बाद मनुष्य जीवन मिलता है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में सदैव सच्चाई के रास्ते पर चल परोपकार और सेवा की भावना दिल में रखनी चाहिए।

अष्टमी पर कन्याओं की जमकर की गई खातिरदारी

सोहना : अश्विन माह के आठवें दिन यानि रविवार को श्रद्धालुओं ने महागौरी माई की पूजा-अर्चना की। धन-वैभव व सुख-शांति की अधिष्ठात्री कहलाने वाली महागौरी के समक्ष, अष्टमी के दिन आज महिलाओं ने अष्टमी पूजन कर आज के दिन अपने घरों में हलवा, पूरी, सब्जी, काले चने, नारियल गोला के साथ कन्याओं को भोजन कराया और आठ कन्याओं व एक लांगरिया को भोजन कराने के बाद चरणस्पर्श कर दक्षिणा व उपहार भी भेंट किये। आज अष्टमी के चलते सोहना में बाल कन्याओं की कमी दिखाई पड़ी। कन्याओं को अपने-अपने घर में जिमाने के लिये लोग सुबह-सुबह से ही एक-दूसरे के घरों में आते-जाते और कन्याओं को भोजन कराने के लिये एडवांस में बुकिंग कराते नजर आये। आज के दिन यहां कन्याओं को भोजन कराने के लिये लोगों में मारामारी सी मची रही। गांव भौंड़सी में रहने वाले माता के परम भक्त रामकिशन राघव, राजेश राघव, श्याम राघव, प्रदीप गुप्ता, निशांत राघव, नयागांव ग्रामपंचायत के सरपंच रहे सुरज्ञान सिंह, सागर खटाना, गौरव खटाना, खेड़ला गांव के रहने वाले कैप्टन शीशराम रोहिल्ला आदि ने बताया कि नवरात्रों की अष्टमी पर कन्या जिमाने के लिए उन्हे खासी मशक्कत करनी पड़ी। पुराने बसअड्डा एरिया में स्थित माता दुर्गा देवी मंदिर, प्राचीन हनुमानबगीची, मृत्युंजय क्षेत्र में स्थित श्री शनिमंदिर, श्री शिवकुंड, श्री सीताराम मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली।

गांव दौहला में प्राचीन खोबरी वाले मंदिर में जुड़ा मेला

सोहनाः शहर से 5 किलोमीटर दूर गांव दौहला के खोबरी वाले जंगल में श्रद्धालुओं ने दुर्गा मां की मूर्ति के दर्शन किये और पूजा-अर्चना की। सारा दिन मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। ग्रामसभा सदस्य हरीश गोयल, ललित गोयल, ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच सीमा राघव, अनिल गुप्ता, दिनेश गुप्ता, नंबरदार उदयप्रताप सिंह कोकी, चौधरी जयप्रकाश, योगेश गुप्ता, नंबरदार मोहन सिंह, राम सिंह, प्रवीण कुमार, चन्द्रभान प्रजापत, जीआईसी एजेंट कमल गुप्ता, मुकेश गर्ग इंसा आदि श्रद्धालुओं ने बताया कि श्रद्धालु व छोटे बच्चे गांव से मंदिर तक वाले रास्ते में पेट पलनिया जाते हैं। किसी भी ग्रामीण के घर में जागरण होने पर श्रद्धालु मंदिर में स्थापित मां की मूर्ति को अपने घर में लेकर आते हैं और अगले दिन सुबह फिर देवी मां की मूर्ति को मंदिर में विराजमान कर दिया जाता है। ऐसी मान्यता है कि गांव के एक भक्त को करीब 300 वर्षों पहले देवी मां की यह मूर्ति पहाड़ों के अंदर मिली। उसके बाद पहाड़ों में माता का मंदिर बनाया गया। तभी से यह परम्परा आज तक चली आ रही है।

पांच राज्यों में बनेगी कांग्रेस की सरकार : घोडारोप

सोहना : कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा पीसीसी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने दावा किया है कि राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना तथा मिजोरम में होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी स्पष्ट बहुमत हासिल कर सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि आज देश व विभिन्न प्रदेशों की जनता भाजपा की लूट व झूठ भरी नीतियों से तंग आ गई है। इसलिए देश की जनता अब कांग्रेस पार्टी की तरफ निहार रही है। घोडारोप ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों से आहवान किया कि वह पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें ।

देश व प्रदेश में भाजपा के पक्ष में लहर : योगी राघव

सोहनाः गांव खेड़ला में रहने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी राघव खेड़लिया ने रविवार को दावा किया है कि राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना तथा मिजोरम में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा की सरकार बनेगी और भाजपा पांचों राज्यों में पूर्ण बहुमत हासिल कर सरकार बनाकर दिखा देगी कि आज भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लागू की गई जनकल्याणकारी नीतियों का जादू लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। यहां पर गांव खेड़ला में आयोजित कार्यकर्ता बैठक को संबोधित कर रहे थे।

कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह बांटे लड्डू और किया भांगड़ा

रोहताश खटाना को 5 वीं बार बनाया गया इनेलो का जिलाध्यक्ष

इनेलो सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी, इनेलो के वरिष्ठ नेता तथा ऐलनाबाद से विधायक अभय सिंह चौटाला का आभार जताया

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। सोहना विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी तथा पूर्व जिलापार्षद चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी को इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला द्वारा पार्टी की कमान सौंपकर लगातार 5वीं बार पूरे जिले का प्रधान बनाए जाने पर क्षेत्र के लोगों विशेषकर बारही, भामलापाल, नेहडापाल और समूचे खटानपुरी में खुशी का माहौल है।

पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सोहना में पले-बढ़े और यही कारोबार कर रहे भाई रोहताश खटाना लोहटकी ने इनेलो सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी, इनेलो के वरिष्ठ नेता तथा ऐलनाबाद से विधायक चौधरी अभय सिंह चौटाला तथा पार्टी में जिलाप्रभारी अशोक जैन का आभार जताया है।उन्होंने कहा है कि इनेलो सुप्रीमो ने पार्टी के प्रति पूरी तरह समर्पित व निष्ठावान पूर्व जिलापार्षद चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी में लगातार 5वीं बार पूरे जिले की जिम्मेदारी देकर दिखा दिया है कि इन पर उनका पूरा भरोसा है।

इनेलो कार्यकर्ताओं का कहना है कि इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला ने आम कार्यकर्ताओं को जो मान-सम्मान दिया है, हलके के लोग सदैव उनके ऋणी रहेंगे। चौटाला परिवार ने क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ और अच्छा वजूद देखकर लगातार 5वीं बार जिलाप्रधान जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है और कार्यकर्ताओं को संदेश दे दिया है कि पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाने वाले और जमीन से जुड़े नेता को पूरा मान-सम्मान और तवज्जो मिलेगी।

इस मौके पर क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी तथा पूर्व जिलापार्षद चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने भरोसा दिलाया कि पार्टी आलाकमान ने उन्हे जो जिम्मेदारी दी है, उसे वह बिना कोई भेदभाव बरते ईमानदारी और मेहनत से बखूबी निभाएंगे। सोहना विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे गुरूग्राम जिले में इनेलो को संगठनात्मक दृष्टि से और ज्यादा मजबूत करने व जमीन से जुड़े लोगों, युवाओं, महिलाओं को पार्टी से जोडने् में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

लोहटकी को जिलाध्यक्ष बनाए जाने की खुशी में इनेलो के शहरी अध्यक्ष, राजपूत समाज से जुड़े नेता सुंदर सिंह राजपूत, दलित समाज से जुड़े नेता मास्टर खूबीराम, सूबेदार धर्मपाल, मनोज प्रधान, राजकपूर एडवोकेट, युवा समाजसेवी भूपेन्द्रप्रताप, नंबरदार धर्मबीर सिंह, सुखबीर तंवर, पूर्व चेयरमैन बीपी जांगडा, पपली सरपंच, अटलबीर कटारिया, चरण सिंह डागर, सोनू ठाकरान, कैप्टन सुरेन्द्र यादव, व्यापारी नेता रमेश गर्ग, सूबेदार वेद खोड़, लाला राकेश गर्ग आदि प्रमुखजनों समेत इनेलो के विभिन्न 16 प्रकोष्ठों से जुड़े हलका व जिलास्तरीय तमाम पदाधिकारियों और प्रमुख लोगों के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में मिठाई बांटे जाने की जानकारी मिली है।

पार्टी कार्यकर्ता एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और समर्थकों के बीच लड्डू बांटकर तो कहीं भांगड़ा करके अपनी खुशी जाहिर की। क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि इनेलो नेता रोहताश खटाना लोहटकी जमीन से जुड़े अच्छे जनाधार वाले पार्टी के प्रति कर्मठ, ईमानदार और कद्दावर नेता हं जोकि समाजसेवी होने के साथ-साथ एक संघर्षशील युवा के रूप में जनता के बीच अपनी पहचान बनाये हुए है।

शिवनगरी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला पथ संचलन, शक्ति प्रदर्शन किया

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ताओं ने शहर की सड़कों पर और बाजारों में कदम ताल मिलाते हुए खंडस्तरीय पथ संचलन किया, जिसमें धर्म और जातपात जैसे संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर संघ से जुड़े प्रौढ़, युवा, बाल स्वयंसेवकों ने बैंड-बाजों की लय पर कदम ताल करते हुए पूर्ण गणवेश में शहर के भीतर जलूस निकाला।

पथ संचलन स्टेडियम से प्रारंभ होकर सीनियर सैकेंडरी मार्डन संस्कृति बाल विद्यालय, उपमंडल अदालत, सरकारी अस्पताल, शहीद भगत सिंह फौहारा चौक, पुराने तहसील कार्यालय, सीनियर सैकेंडरी गर्ल्ज विद्यालय, नगरपरिषद, शिव चौक, लेबर चौक, महाराजा अग्रसेन पार्क, बाईपास, पलवल रोड, शनिमंदिर, बसअडडा से निकलता हुआ वापिस खेलस्टेडियम पहुंचा।

इसमें खंड के विभिन्न गांवों व शहर से आए पुराने व वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। खंडस्तरीय पथ संचलन प्रदर्शन में 'अनेकता में एकता' वाली पंक्तियों को चरितार्थ कर दिखाया है। मालूम हो कि सोहना मेवात का प्रवेश द्वार कहलाता है। समाज के विभिन्न वर्गों की एकता की मिसाल यहां देखने को मिलती है।

इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय सहप्रचारक डाक्टर सुरेन्द्रपाल, जिला कार्यवाह चरत जी रिठौजिया, नगर कार्यवाह हेमंत जी, सह नगर कार्यवाह योगेश जी, गौसेवा प्रकोष्ठ से जुड़े राष्टचिंतक कैलाश गर्ग, मानेसर जिले से राकेश जांगडा, रामचंद्र सैनी आदि प्रमुखजन भी मौजूद रहे।

कार्यकर्ताओं पर की गई पुष्पवर्षा

पथ संचलन के दौरान व्यापारियों ने अपनी दुकानों से बाहर आकर पुष्प वर्षा करते हुए और महिलाओं ने स्वयंसेवकों की घरों से बाहर निकल कर हाथों में थाली उठा रोली का तिलक लगा मंगल गीत गाते हुए आरती उतारी और पुष्पों की वर्षा की। पथ संचलन के दौरान देखने में आया कि पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवकों पर जगह-जगह लोगों ने गुलाब के फूलों की पंखुड़ियों की बरसात की।

मुस्लिम समुदाय ने भी स्वागत किया

यहां पर चाहे जो भी आयोजन हो, विभिन्न धर्मों, संप्रदायों, समुदायों से जुड़े कार्यकर्ता अनेकता में एकता को बखूबी प्रदर्शित करते हैं। काबिले गौर यह है कि पथ संचलन के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग भी आगे आकर स्वयंसेवकों का फूल बरसाकर स्वागत करते है और हिंदू-मुस्लिम एकता की डोर को और मजबूत बनाते हैं।

मौसम में तब्दीली आते ही बढ़े बुखार, खांसी-जुकाम के मरीज

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। अरावली पर्वत की श्रंखलाओं से घिरे सोहना में दिन के वक्त पड़ रही तेज गर्मी और रात के वक्त पड़ रही सर्दी से मौसम में बदलाव के चलते यहां पर बुखार, खांसी-जुकाम आदि मौसमी बीमारियों की चपेट में लोग आ रहे हैं।

। यहां पर सरकारी व निजी अस्पतालों में सुबह-सवेरे से ही मरीजों की लगी लम्बी-लम्बी कतारें अब सिनेमा हालों पर लगने वाली कतारों को भी मात देने लगी है। मौसमी बीमारियों के चलते नीम-हकीमों, झोलाछाप डाक्टरों तथा निजी चिकित्सकों, अस्पतालों के साथ-साथ निजी लैब संचालकों की जमकर मौज बन आई है। ऐसे में रोगी को रोग उपचार नाम पर लिखे गये विभिन्न टेस्टों को करवाने के लिये निजी लैबों पर टैस्टों के नाम पर मुंहमांगे पैसे दे लुटने को अलग मजबूर होना पड़ रहा है। यही कारण है कि आज मौसमी बीमारियों के प्रकोप के चलते जहां नागरिक अस्पताल की ओपीडी व वार्डो में मरीजों की तादाद में बेतहाशा वृद्धि हो रही है।

मालूम हो कि यहां पर वायरल बुखार, पीलिया, मोतीझीरा, टाईफाइड आदि के मरीजों की दिनोंदिन बढ़ रही तादाद के चलते यहां क्षेत्र के गांवों में झोलाछाप डाक्टरों और नीम-हकीमों की बाढ़ सी आ गयी है और यह झोलाछाप डाक्टर भोले-भाले ग्रामीणों, अशिक्षित लोगों को अपनी चिकनी-चुपड़ी बातों में फंसा कर लूट रहे हैं।

डाक्टर का परामर्श

वरदान अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर के निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव का कहना है कि इस मौसम में तापमान जितना अधिक बढ़ेगा, बुखार लोगों को उतना ही अधिक प्रभावित करेगा। अस्पताल में आने वाले रोगियों में सर्वाधिक तादाद बुखार से पीड़ित रोगियों की बनी हुई है। पीने के पानी को उबालने के बाद ठंडा करके ही उपयोग में लाए जाने, बासी वस्तुएं ना खाने, अधिक गर्मी और तेज धूप में निकलने से बचने, सिर को कपड़े आदि से ढापकर चलने व घर से निकलते वक्त ठंडे पानी की बोतल साथ में रखने तथा रात के वक्त एसी, कूलर, पंखा ना करने का परामर्श दिया है।

संघ चरित्र निर्माण को दे रहा बढ़ावा : जिंदल

संघ की सोच है कि जब समाज एक होगा, राष्ट्र एक होगा और राष्ट्र एक होगा तो हम आंतरिक व बाहरी राष्ट्र विरोधी शक्तियों से लड़ सकते हैं

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। विजयदशमी पर्व के उपलक्ष्य में रविवार को स्थानीय स्टेडियम मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में शस्त्र पूजन उपरांत पथ संचलन का आयोजन किया।

इस मौके पर उपस्थित स्वयंसेवकों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए संघ के प्रांत संघ चालक पवन जिंदल ने कहा कि किसी भी मनुष्य रूपी गुरू में कभी भी कोई दोष विकार, कमी पैदा हो सकती है लेकिन भगवा ध्वज में नही। इसी सोच के दृष्टिगत संघ ने अपने जन्मकाल से ही व्यक्ति की बजाय ध्वज को ही अपना गुरू माना है। उन्होने भगवा ध्वज को अग्नि की ज्वाला और चारों पुरुषार्थ, ब्रह्मा, विष्णु, महेश व साक्षात भगवान का प्रतीक बतलाते हुए कहा कि भगवा ध्वज अखण्ड भारत की अनुकृति के अलावा त्याग और समर्पण के लिए सात्विक शक्ति का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि वर्ष-1925 में विजयदशमी वाले दिन डाक्टर केशव राव बलिराम हेडगेवार ने समाज को एक सूत्र को पिरोने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। संघ आज विशाल रूप में फैलकर सामाजिक और रचनात्मक कार्यो को बढ़ावा दे रहा है। डाक्टर हेडगेवार की दूरदर्शी सोच और राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को आगे रखकर संघ समाज को अनुशासित व संगठित करने में अहम भूमिका निभा रहा है ।

उन्होंने कहा कि संघ की सोच है कि जब समाज एक होगा तो राष्ट्र एक होगा और राष्ट्र एक होगा तो हम आंतरिक व बाहरी राष्ट्र विरोधी शक्तियों से लड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि आरएसएस अपनी स्थापना के 98 वर्ष पूरे कर चुका है। संघ का मूल उददेश्य समाज और राष्ट्र को अच्छे रास्ते पर ले जाकर वैभव दिलाते हुए पुनः सोने की चिड़िया और विश्व गुरू बनाने का है। आरएसएस विश्व का सबसे बड़ा एकमात्र अकेला ऐसा संगठन है, जो बिना किसी सरकारी अनुदान के जनसहयोग से 98 वर्षो से सामाजिक और रचनात्मक कार्यो को निस्वार्थ भाव से अंजाम दे रहा है।

संघ के प्रचारक राष्ट्र सेवा के प्रति पूरी तरह समर्पित है। उन्होने कार्यकर्ताओं से भारतीय संस्कृति, संस्कृत और गौरक्षा पालन को बढ़ावा देने का आग्रह किया और कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने दुर्व्यसन छोड़ व निजी स्वार्थो से ऊपर उठकर प्रतिदिन अपनी दिनचर्या में से घंटे-आधे घंटे का वक्त राष्ट्र कार्य के लिए देना चाहिए।

चीन निर्मित सामान के बहिष्कार का आह्वान

संघ के प्रांत संघ चालक पवन जिंदल ने चीन निर्मित सामान के बहिष्कार के लिए संघ कार्यकर्ताओं को जागरूक बनाया और कहा कि संघ की स्थापना राष्ट्रवादी विचारधारा को मजबूत करने के लिए हुई थी। आज अपने राष्ट्र के लिए पड़ोसी देश चीन सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है। चीन की आर्थिक रूप से कमर तोड़ने् के लिए जरूरी है कि समाज के सभी वर्गो के लोग मिलकर चाइना निर्मित वस्तुओं का बहिष्कार करे और स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल करे।

उन्होंने आंकड़ों के आधार पर बताया कि आज भारत के 80 फीसदी बाजार पर चीन का कब्जा है। चीन भारत में अपना तैयार मॉल बेचता है। जिससे चीन की आर्थिक व्यवस्था मजबूत हो रही है और भारत में लघु उद्योग धंधे चौपट होने से बेरोजगारी व गरीबी बढ़ रही है। भारत से कमाए गए धन को वह अपनी चाइना की सेना को मजबूत बनाने पर खर्च कर उस सेना को हमारे खिलाफ ही प्रयोग करता है और हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान व आतंकवाद का सबसे बड़ा पनाहगार बना हुआ है। इसलिए हमें स्वदेशी को बढ़ाना है। चीन निर्मित प्रत्येक वस्तु का बहिष्कार करना है।

शहर में मची मथुरा की चांदी निर्मित ज्वैलरी की धूम

करवाचौथ नजदीक आते ही सजी जेवरातों की दुकानें, लगी ग्राहकों की भीड़

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। लंबे समय से मंदे की मार झेल रहे सर्राफा बाजार में करवाचौथ आते ही फिर से रौनक लौट आई है। इस बार करवाचौथ से पहले ही जेवरात बेचने वाले दुकानदारों की दुकानों पर चहल-पहल और महिलाओं की भीड़ नजर आ रही है, जो आने वाले दिनों में और कई गुणा बढने् की उम्मीद है।

चांदी की बड़ी मंडियों में शुमार भगवान कृष्ण की जन्म भूमि मथुरा से करवाचौथ पर सुहागिनों के श्रृंगार के लिए स्थानीय बाजार में आई चांदी निर्मित पायल, मंगलसूत्र, बिछ्वा और नए-नए डिवाइनों के कंगन इस बार महिलाओं के आकर्षण का विशेष केन्द्र बने हुए है। इस बार श्रीराधा और कृष्ण की लाकेट वाली मालाएं भी बाजार में आई है। अपनी अर्धागिंनी के लिए गहनों, परिधानों और अन्य आइटमों की खरीददारी में लोग लगे है। पत्नी अपने पति के लिए ही नहीं बल्कि प्रेमी अपनी प्रेमिकाओं के लिए दिल खोलकर खर्च कर रहे है। छोटे आइटम से लेकर बड़े आइटमों तक दुकानों पर ग्राहकों की तरह-तरह की डिमांड देखने को मिल रही है।

जेवरात व्यापारी जयप्रकाश गुप्ता सर्राफ, दीपक वर्मा, सतप्रकाश, संजीव गुप्ता, पंकज सर्राफ, सिद्धार्थ जैन, प्रीतम जैन आदि का कहना है कि इस बार छोटे आइटमों में चांदी की चुटकी व पायल की मांग सबसे ज्यादा हो रही है। सोने के गहनों की खरीददारी तेजी से निकली है। उन्होंने बताया कि इस बार मार्किट में ग्राहक अच्छा नजर आ रहा है। जेवरात व्यापारी सिद्धार्थ जैन व दीपक वर्मा का कहना है कि इस बार दीवाली से पहले ही चांदी सस्ते होने से बाजार में भीड़ ज्यादा है। बीते 10 दिनों में चांदी के भावों में करीब 1500 रुपए की गिरावट आई है। करवाचौथ से पहले जेवरात की दुकान पर

सामान खरीदने आई डाक्टर पलक वर्मा, वार्ड-21 से नगरपार्षद निर्मला सैनी, वार्ड-19 से नगरपार्षद राखी बागड़ी, रूचिका सिंगला, कैलाश देवी यादव, बबीता सैनी, सोहनाढाणी गांव से बाजार में खरीददारी करने आई नंबरदारनी कविता सैनी, बृजेश गुर्जरी, रितेश देवी सैनी, बीरवती खटाना, मनीषा गुप्ता, वर्षा सैनी, मोनिका धारीवाल, शहर में कच्चे बेरका रोड़ से बाजार में खरीददारी कर रही पूजा सैनी, उषा सैनी, बाला देवी सैनी आदि ने बताया कि चांदी की कीमतें गिरने से चांदी निर्मित वस्तुओं की कीमतों में कमी आने से इस बार वह चांदी निर्मित सामान की अच्छी खरीददारी करेंगी।

चांदी का तेजी से रेट गिरना महिलाओं के लिए अच्छी बात है। अपने मनपसंद के गहने खरीदने में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। साथ ही बाजार में वैरायटी भी खूब है। देखने में आ रहा है कि दुकानों पर चुटकी 150 से एक हजार रुपए तक, पायल 600 से 10 हजार रुपए तक, लेडीज रिंग 8 हजार से 30 हजार रुपए तक मंगलसूत्र 10 हजार से 50 हजार रुपए, टाप्स ढाई हजार से 8 हजार रुपए और कंगन 12 हजार से 30 हजार रुपए के बीच बिक रहे है।

बाजारों में खरीददारों का उमड़ने लगी भीड़

सोहना : दशहरा त्योहार के नजदीक आते ही बाजार में सामान खरीदने के लिए दिनोंदिन भीड़ उमड़ रही है। शहरी व देहाती क्षेत्र में रंग-रोगन, रंगाई-पुताई व साफ-सफाई उपरांत अब अपने प्रतिष्ठानों, दुकानों, आवासों को बिजली लड़ियों, झालरों आदि से सजाने का दौर भी तेजी से शुरू हो गया है। लोगों का रुझान दोपहिया वाहनों, इलेक्ट्रानिक उत्पाद व कॉस्मेटिक सामान की तरफ ज्यादा देखने में आ रहा है। ऐसे में शहर के बाजार स्वेदशी आइटमों से भरे होने से आइटमों की बिक्री भी खूब हो रही है। यही नहीं इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद और कॉस्मेटिक वस्तुओं को भी ग्राहक डिमांड के साथ खरीद रहे है। इलेक्ट्रॉनिक सामान में टेपरिकार्ड, वाशिंग मशीन, पंखें, सीड़ी, वीसीड़ी प्लेयर और दोपहिया वाहनों की बिक्री भी खूब हो रही है। लेडीज चप्पलों, जूतों, रेडीमेड वस्त्रों के खरीददार भी खूब हैं।

आयोजन

शहर की रामलीलाओं से लोग उत्साहित, शुरू होने से पहले ही पहुंच जाते हैं

अंगद ने पैर जमाया और रावण के योद्धओं का छूटा पसीना

अंगद कहते हैं कि लंकेश पति रावण कुछ शर्म करो। मेरे पैर ना पड़ो। यदि तुम्हे अपने किए की माफी मांगनी है तो प्रभु श्रीराम की शरण में जाओ और उनसे माफी मांगकर अपनी जान बचाओ

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। श्री शिव रामलीला कमेटी द्वारा हनुमान बगीची में प्रदर्शित की जा रही श्रीराम की लीलाओं के मंचन के दौरान श्रीराम अंगद को शांति दूत बनाकर रावण को समझाने के लिए उसके पास भेजते है। रावण दरबार में अंगद अपना पैर जमाकर रावण के योद्धाओं को चुनौती देते है कि जो योद्धा उनका पैर उठा देगा तो वह अपनी हार स्वीकार कर लेंगे। रावण के योद्धा अंगद का पैर नहीं उठा पाते हैं। इसमें उनके पसीने छूट जाते हैं।

फिर गुस्से में आकर लंकेश पति रावण जब खुद अंगद का पैर उठाने आगे आता है तो अंगद झट से अपना पैर पीछे हटा लेते है और कहते हैं कि लंकेश पति रावण कुछ शर्म करो। मेरे पैर ना पड़ो। यदि तुम्हे अपने किए की माफी मांगनी है तो प्रभु श्रीराम की शरण में जाओ और उनसे माफी मांगकर अपनी जान बचाओ। यह संवाद सुनते ही उपस्थित जनों ने जमकर तालियां बजाई।

इस अवसर पर श्री शिव रामलीला कमेटी के सरंक्षक जयप्रकाश सिंगला भट्ठे वाले, प्रधान चौधरी बहाल सिंह खटाना, देविन्द्र अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद, अशोक कुमार जैन, श्यामलाल बघेल, अशोक गोयल, देवेन्द्र तायल, अजय गुप्ता, विजय गुप्ता, राजकुमार सिंगला, रामकिशन गर्ग, लक्ष्मण गर्ग, चन्द्रप्रकाश आर्य, प्रेम सिंह बच्चस, समय सिंह सौरेत, विकास गुप्ता, गोविंद गोयल, छतरपाल शर्मा, विजय अग्रवाल, दिनेश मंगला, जयप्रकाश गर्ग, मद्रासी सैनी, केशवदेव जिंदल, सुभाष बंसल, अग्रवालसभा के पूर्व प्रधान सेठ विजय गोयल आदि प्रमुख लोगों समेत रामलीला कमेटी से जुड़े तमाम सदस्यों, पदाधिकारियों और आमंत्रितजन भी उपस्थित रहे।

सोने की लंका हुई पल भर में राख

यहां पर श्री सनातन धर्मसभा के तत्वाधान में स्थानीय पंजाबी धर्मशाला में आयोजित श्रीराम की लीला में महाराज सुग्रीव के निर्देश पर वानर सेना माता सीता को खोजने निकल पड़ती है। हनुमान जी सागर पार कर लंका पहुंच जाते हैं और वहां पहुंचने पर माता सीता की खोज करते वक्त माता सीता उन्हे एक बाग के कोने में बैठी नजर आती है। हनुमान जी पेड़ की ओट से श्रीराम जी के जीवन की गाथा गाते है तो माता सीता रोते हुए कहती है कि इस अहंकारी रावण के राज में मर्यादा पुरूषोतम प्रभु श्रीराम का गुणगान करने वाला कौन है? जरा सामने आकर चेहरा दिखाए तो श्रीराम भक्त हनुमान माता सीता के सामने आकर चरण वंदना करते हुए शीश झुकाते है और बताते हैं कि आपके हरण के बाद श्रीराम जी कितना व्याकुल है। हनुमान जी के मुख से ऐसा सुन माता सीता बेचैन हो जाती है और कहती है कि वह भी श्रीराम जी के वियोग में बेचैन है। आप जाकर उन्हे मेरी खोज-खबर दे देना। लंका और रावण का अंत अब होने वाला है लेकिन हनुमान लंका से जाने से पहले अशोक वाटिका को उजाड़ने् लगते हैं और अपने को पकड़ने् आए रावण के बेटे अक्षय कुमार का वध कर देते हैं, लेकिन उन्हे पकड़ लिया जाता है। दरबार में लाए जाने पर रावण के आदेश से हनुमान जी की पूछ में आग लगाई जाती है तो हनुमान जी की उछ्ल-उछ्ल कर अपनी पूछ में लगाई गई आग से लंका में जगह-जगह आग लगा देते हैं। स्थानीय श्री सनातनधर्मसभा राममंदिर के प्रधान लवली जुनेजा, रामलीला कमेटी के प्रोजेक्ट चेयरमैन व युवा समाजसेवी विनीत रतड़ा, पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, चंद्रभान रतड़ा, उमेश जुनेजा कोकी, गुलशन आहूजा, पप्पू पठान, विपिन मल्होत्रा, श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर के पूर्व प्रधान डाक्टर नरेश पाहूजा, देविन्द्र आहूजा व आयोजन से जुड़े लोगों की माने तो रामलीला में भारी जनसैलाब उमड़ रहा है।

रावण के पुतले महंगे होने से नहीं मिल रहे खरीददार

यहां दशहरा को लेकर चल रही तमाम तैयारियां पूरी हो गई है। दशहरा पर विजयदशमी के उपलक्ष्य में यहां पर तीनों रामलीला समितियों की तरफ से रावण दहन को लेकर चल रही तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई है। नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज बजरंगी, प्रमुख समाजसेवी राकेश जैन झिरका वाले, जजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और समाजसेवी विनेश गुर्जर, एडवोकेट बेगराज, जिलापरिषद के पूर्व उपचेयरमैन चौधरी मदनलाल गुर्जर, अग्रवाल युवा नेता सैंकी सिंगला, डाक्टर शशिकांत सैनी आदि का कहना है कि पिछ्ली बार के मुकाबले इस बार रावण के पुतलों की खरीददारी में खासी कमी आई है। मंदी की मार के कारण जहां महंगाई का कद बढ़ गया है। रावण का कद छोटा नजर आ रहा है। इस बार महंगाई बढ़ने् से रावण के पुतलों के खरीददार नही मिल पा रहे है। कारीगरों को इतने अधिक आर्डर भी नही मिल पाए, जितने की लोग आशा कर रहे थे। जीएसटी के कारण रावण के पुतले बनाने का सामान महंगा हो गया है। यही वजह है कि पुतलों की लागत बढने् से रावण की कीमतों में इजाफा हो गया है। रंगमंच संस्था से जुड़े विनीत रतड़ा, नगरपार्षद नीरज सिंगला, बबली रोहिल्ला, हरिओम सिंगला, हितेश गोयल, प्रदीप गर्ग आदि की माने तो रावण दहन 24 अक्टूबर को दशहरा पर किया जाएगा लेकिन इस बार रावण के पुतले का साइज छोटा रखा गया है।

23 page 3_02.qxd 10/22/2023 9:52 PM Page 1

दैनिक भरोसा मित्र
गुरुग्राम, सोमवार
23 अक्टूबर 2023
www.dainikbharoosa.com

अंदर देखे
महिला सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय कार्य ..

गुरुग्राम

अंदर देखे
मेवात की आवाम का विश्वास खो चुके...

dainikbharoosa

खबर फटाफट

उम्मीदों पर खरे उतरे जिम्नास्टिक, अंबाला से जीतकर लाए मेडल

गुरुग्राम। अम्बाला में हुए एसजीएफआई स्टेट स्कूल चैंपियनशिप में जीरो ग्रेविटी जिम्नास्टिक अकादमी ने खिलाडियों ने अपना दम दिखाते हुए कई मेडल जीते। इस चैंपियनशिप में जीरो ग्रेविटी जिम्नास्टिक अकादमी के अंडर-14 आयु वर्ग में अमन वर्मा और सक्षम राणा ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई है। दक्ष सैनी ने पूरे हरियाणा में 10वीं रैंक प्राप्त की। उत्कर्ष मदान ने अंडर 19 आयु वर्ग में टीम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए टीम को फर्स्ट रनर अप बनने में सहयोग दिया। अंडर-17 आयु वर्ग में वाशु सैनी ने हरियाणा की सर्वश्रेष्ठ जिम्नास्ट और युग शर्मा ने पैरेलल बार में स्वर्ण पदक जीता। कोच संदीप कुमार और मनीष ने बच्चों को बधाई देते हुए उन्हें आने वाली नेशनल चैंपियनशिप के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हर माता-पिता अपने बच्चों को किसी न किसी खेल में जरूर शामिल करें। खेल बच्चों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं। जिम्नास्टिक खेल तो बच्चों को शारीरिक रूप से मजबूत होने के साथ स्फूर्ति भी देता है।

हथियार उपलब्ध कराने वाले युवक को किया काबू

गुरुग्राम। पुलिस ने अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाले युवक को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा डीएलएफ फेज-4 ने जयप्रकाश को 7 सितम्बर को फिरोजगांधी कॉलोनी नम्बर-1 से अवैध हथियार सहित काबू किया था। जिसके संबंध में थाना न्यू कॉलोनी में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को हथियार उपलब्ध कराने वाले आरोपी नवीन को अपराध शाखा डीएलएफ फेज 4 ने उल्लावास चौक के निकट से काबू किया।

साथी की हत्या करने वाला युवक गिरफ्तार

गुरुग्राम। आपसी झगड़े में अपने ही साथी की हत्या करने वाले युवक को पुलिस ने काबू कर लिया है, जिसके कब्ज से चाकू बरामद किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 21-22 अक्तूबर की रात्रि को पुलिस थाना सैक्टर-10 को एक सूचना अंजना कॉलोनी में एक व्यक्ति विनोद को चाकू मारने के सम्बन्ध में प्राप्त हुई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची जहां एक व्यक्ति मृत अवस्था में मिला, पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए पुलिस की एफएसएल, सीन ऑफ क्राईम व फिंगरप्रिंट की टीमों को बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया और मृतक व्यक्ति की मृत्यु चाकू लगने से ज्ञात होना पाया जाने पर थाना सैक्टर-10 में मामला दर्ज किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि कार्यवाही करते हुए पुलिस ने सुमित को काबू कर लिया। आरोपी से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि वह और विनोद दोनों दोस्त थे। उसने विनोद को काम दिलाने के लिए 15 दिन पहले अपने पास बुलाया था और दोनों सैक्टर-37 में एक ही कंपनी में काम करते थे। विनोद उसको बात-बात पर धमकाता था और उसके साथ झगड़ा करता था जिसके कारण वह उससे रंजिश रखने लगा। बीती रात को उन्होंने शराब पी तथा मौका पाकर आरोपी ने विनोद की गर्दन के पास चाकू से वार किया जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

रेडक्रॉस सोसायटी ने टीबी, एचआईवी के प्रति किया जागरूक

गुरुग्राम। जिला रेडक्रॉस सोसायटी गुरुग्राम द्वारा एन के जी एफ इंफ्रास्ट्रक्चर के सहयोग से सेक्टर 102 ए स्थित शीतला माता देवी मेडिकल कॉलेज के निमार्ण कार्य में काम करने वाले प्रवासी मजदूरों के लिए उपायुक्त निशांत कुमार यादव एवं एडीसी हितेश कुमार मीणा के दिशा निर्देशन में सचिव विकास कुमार और डिप्टी सीएमओ डॉ. केशव शर्मा के मार्गदर्शन में टीबी मुक्त भारत-टीबी मुक्त गुरुग्राम कार्यक्रम के तहत टीबी रोग जागरुकता शिविर लगाया गया। शिविर में लगभग 300 लोगों ने भाग लिया। शिविर का संचालन जिला टीबी कोऑर्डिनेटर रोहिताश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने उपस्थित लोगों को टीबी की बिमारी के बचाव बताते हुए सभी को अपने घर व आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखने के बारे में कहा ताकि गंदगी से उत्पन्न जीवाणुओं से बिमारियों को फैलने में रोकथाम मिले। उन्होंने आगे कहा कि आसपास में किसी भी व्यक्ति को टीबी के लक्षण नजर आए तो उनको नजदीकी सिविल अस्पताल, पीएचसी, सीएचसी जाने की सलाह दें ताकि उनको निशुल्क व उत्तम सुविधा का लाभ मिले।

सिविल अस्पताल से गौरव ने शिविर में सभी प्रवासी महिला पुरूषों को टीबी रोग की सही जानकारी, लक्षण, बचाव के उपाय आदि पर संपूर्ण विस्तृत जानकारी दी। लोगों के सवालों के जवाब भी दिए गए जो जो शंकाएं थी, वह निवारण की गई। बताया गया कि इन सभी उचित जानकारियों का उपयोग करके हम सब समाज में टीबी रोकने की पहल करें , और अपने आसपास के लोगों को टीबी मुक्त रखने में अपना योगदान दें।

आरडब्ल्यूए, पूर्व पार्षदों व जागरूक नागरिकों के सहयोग से **सफाई व्यवस्था** को दुरुस्त करने में जुटा नगर निगम

सात एजेंसियों के हवाले शहर की सफाई का जिम्मा

- नगर निगम उपलब्ध करवा रहा ट्रैक्टर-ट्रॉली , मैनपावर सहित अन्य सफाई ससाधन

भरोसा मित्र डेस्क

गुरुग्राम। नियमित व निगम रोल के कर्मचारियों की हड़ताल के चलते शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने में नगर निगम जुटा हुआ है। इसके तहत आरडब्ल्यूए, पूर्व पार्षदों व जागरूक नागरिकों का सहयोग लिया जा रहा है तथा उन्हें ट्रैक्टर-ट्रॉली व मैनपावर सहित अन्य सफाई संसाधन उपलब्ध करवाए गए हैं। नगर निगम गुरूग्राम द्वारा इसके लिए 300 कर्मचारी की नई मैनपावर लगाई गई है तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली व अन्य सफाई संसाधन हायर किए गए हैं। नगर निगम गुरूग्राम के संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार ने बताया कि नगर निगम गुरूग्राम द्वारा 7 एजेंसियों को सफाई का जिम्मा सौंपा हुआ है तथा एजेंसियों को अलग-अलग क्षेत्र अलॉट किए हुए हैं। एजेंसियां अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त कर रही हैं। जिन क्षेत्रों में काम करने वाले नियमित व निगम रोल कर्मचारी हड़ताल पर हैं, वहां पर स्वच्छता शाखा के अधिकारीगण स्वयं कचरा उठान सुनिश्चित करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई क्षेत्रों में आरडब्ल्यूए, निगम पार्षदों व वरिष्ठ नागरिकों को ट्रैक्टर-ट्रॉली व मैनपावर सहित अन्य सफाई संसाधन मुहैया करवाए गए हैं, ताकि उन क्षेत्रों की सफाई पूर्व पार्षदों, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों व वरिष्ठ नागरिकों के मार्गदर्शन व सहयोग से सुनिश्चित की जा सके। जो पूर्व पार्षद, आरडब्ल्यूए व वरिष्ठ नागरिक अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने में सहयोग के इच्छुक हैं, वे नगर निगम गुरूग्राम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) के कार्यालय व वरिष्ठ सफाई निरीक्षक ऋषि मलिक से संपर्क करें।

> सफाई कर्मचारी आए दिन बेवजह हड़ताल पर रहते हैं, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था खराब होती है। सफाई कर्मचारियों को चाहिए कि वे अपने शहर को साफ रखने में अपना योगदान दें। अपनी मांगों के लिए आवाज उठाना उनका अधिकार है, लेकिन नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करना उचित नहीं।
>
> **अरूण कुमार प्रधान, सैक्टर-15 पार्ट-2 आरडब्ल्यूए**

जो कर्मचारी पहले से ही नियमित हैं या निगम रोल पर लगे हुए हैं, उनका हड़ताल करने का कोई औचित्य नहीं बनता। सरकार व निगम को चाहिए कि वे बेवजह हड़ताल करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करे।

डा. अवध किशोर, सैक्टर-4

हड़ताल के मद्देनजर शहर में सफाई व्यवस्था को अब आगे खराब नहीं होने दिया जाएगा

संयुक्त आयुक्त ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के मद्देनजर शहर में सफाई व्यवस्था को अब आगे खराब नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने शहर के आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों से आह्वान किया कि वे सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने में सहयोग के लिए आगे आएं। नगर निगम गुरूग्राम उन्हें ट्रैक्टर-ट्रॉली व मैनपावर सहित अन्य सफाई संसाधन मुहैया करवाएगा। उन्होंने कहा कि नियमित व पक्के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का कोई औचित्य नहीं है तथा वे बेवजह हड़ताल पर बैठे हुए हैं। नगर निगम गुरूग्राम द्वारा पूर्व में कई बार सफाई यूनियन प्रतिनिधियों से बातचीत कर हल निकालने का प्रयास किया गया है, लेकिन यूनियन प्रतिनिधि हड़ताल को खत्म करने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे किसी के बहकावे में ना आएं तथा काम पर लौटें क्योंकि काम पर नहीं लौटने वाले कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की तैयारी कर ली गई है।

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का होने लगा विरोध

नगर निगम गुरूग्राम के इस प्रयास का शहर के आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों व वरिष्ठ नागरिक स्वागत कर रहे हैं तथा सफाई कर्मचारियों की आए दिन होने वाली बेवजह हड़ताल का विरोध कर रहे हैं।

पटौदी चौक निवासी अमन, मदनपुरी निवासी संजय, कृष्णा कॉलोनी निवासी हरीश वर्मा, मदनपुरी निवासी टीसी गुप्ता व न्यू कॉलोनी निवासी उमेश सहित शहर के कई नागरिकों ने सफाई कर्मचारियों की बेवजह हड़ताल का विरोध किया।

> नगर निगम गुरूग्राम द्वारा आरडब्ल्यूए व नागरिकों के सहयोग से सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए कार्य किया जा रहा है। जो कर्मचारी सफाई कार्य में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करेंगे, तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक करने के साथ ही एफआईआर भी दर्ज करवाई जाएगी। नगर निगम गुरूग्राम द्वारा ऐसे कर्मचारियों की वीडियो भी बनाई जाएगी, जो कार्य में बाधा डालने की कोशिश करेंगे। इसके लिए 20 कैमरामैन की टीम निगरानी कर रही है।
>
> **डा. नरेश कुमार, संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन)**

जैसा कि जानकारी मिली है कि नगर निगम गुरूग्राम के अधिकारीगण कई बार सफाई कर्मचारी यूनियन प्रतिनिधियों से बातचीत कर चुके हैं तथा उनकी जायज मांगों के बारे में सरकार को अवगत भी करवाया गया है, लेकिन उसके बावजूद भी कर्मचारी हड़ताल खत्म करने को राजी नहीं हैं। इसका केवल एक ही निष्कर्ष निकलता है कि सफाई कर्मचारी यूनियन शहर को कूड़े के ढ़ेर पर बैठाने की फिराक में है। सरकार को तुरंत प्रभाव से इनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

मनमोहन कालरा, सैक्टर-46

कहीं संस्कृति तो कहीं बहादुरी से परिचित कराते हैं हमारे त्योहार : सुधीर सिंगला

- विधायक ने शीतला कालोनी, लक्ष्मण विहार व सेक्टर-31 में माता दुर्गा पूजा व कीर्तन में शिरकत की

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। विधायक सुधीर सिंगला ने सप्तमी के अवसर पर शीतला कालोनी, लक्ष्मण विहार व सेक्टर-31 में माता दुर्गा पूजा व कीर्तन में शिरकत की। उन्होंने सभी आयोजकों को इन धार्मिक आयोजनों के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने वहां स्वयं भी पूजा-अर्चना करके मां से सभी के कुशल, मंगल और तरक्की की कामना की। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में हर त्योहार कहीं संस्कृति से परिचय कराते हैं तो कहीं बहादुरी से। नवरात्र मां दुर्गा के 9 रूपों को समर्पित होते हैं। मां दुर्गा के 9 रूपों का वर्णन करते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि नौ दुर्गाओं ने देव दानव युद्ध में विशेष भूमिका निभाई है। इनकी सम्पूर्ण कथा देवी भागवत पुराण और मार्कण्डेय पुराण में लिखित है। कार्यक्रम में पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, पूर्व पार्षद मंगत राम बगड़ी, जुगल रैना, विश्व विजय झा, दिलीप सिंह, विनोद कुमार, आनंद चौधरी, प्रहलाद शास्त्री, सोनू कुमार, मुकेश तिवारी, प्रभु मंडल, सुनील शर्मा, पवन लांबा, उमेश ठाकुर, रणजीत मिश्रा, अनुज प्रसाद, ललन शास्त्री, दुर्गागंज झा शीतला कॉलोनी, पंकज पाठक, विरेंदर यादव, मधुसूदन लक्ष्मण विहार व साधु चरण दत्ता, पीकेघातक सेक्टर-31 मौजूद रहे।

अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस ने **चलाया जांच अभियान**

नाइट डोमिनेशन अभियान में जुटी पुलिस की 444 टीमें

- नाईट डोमिनेशन के दौरान 4774 वाहनों को चैक किया , 162 वाहनों के चालान किए

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस द्वारा बीती रात प्रभावी रूप से नाईट डोमिनेशन अभियान चलाकर विभिन्न अपराधों को रोकने के लिए वाहनों व आमजन की जांच की गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अभियान के दौरान गुरुग्राम पुलिस के कुल 444 पुलिस टीमें बनाकर प्रभावी चेकिंग की गई। नाईट डोमिनेशन के दौरान कुल 4774 वाहनों को चैक किया गया, जिनमें 162 वाहनों के चालान किए गए व 07 वाहनों को इम्पाऊन्ड किया गया। अभियान के दौरान अवैध शराब की 596.75 बोतलें देशी शराब, 24 बोतलें अंग्रेजी शराब व 82 बोतलें बियर, 1 अवैध देशी कट्टा, 35500 रुपयों की नगदी, चोरी हुई 2 मोटरसाईकिलें, 45 ग्राम अफीम, 90 ग्राम सुल्फा व 60 ग्राम गाँजा बरामद किया गया। इस अभियान के दौरान कुल 275 सार्वजनिक स्थानों को चैक किया गया तथा कुल 407 संदिग्ध व्यक्तियों को चेक किया जिनके स्ट्रेंजर रोल जारी किए गए। इस विशेष अभियान के दौरान विभिन्न आपराधिक मामलों में संलिप्त कुल 67 आरोपियों को गिरफ्तार/शामिल अनुसन्धान किया गया।

रामलीला | भीम नगर रामलीला का मंचन देखकर दर्शकों की सराहना

माता सीता की खोज में निकले श्री राम और लक्ष्मण

श्रीराम से सुग्रीव कहते हैं कि मैंने आपका कार्य शुरु कर दिया है, अब आप मेरी मदद करें

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न संस्थाओं द्वारा की जा रही रामलीला मंचन के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक पहुंच रहे हैं। भीम नगर स्थित श्रीकृष्ण मंदिर की श्री सनातन धर्मसभा के प्रधान पवन पाहूजा व चीफ डायरेक्टर एसके मल्होत्रा ने बताया कि श्रीराम व लक्ष्मण का पंचवटी में वापिस लौटने का दृश्य दर्शाया गया। सीता को वहां न देखकर श्रीराम व लक्ष्मण ने इधर-उधर सीता की खोज में निकल पड़े। रास्ते में उनकी भेंट घायल जटायु से हुई। जटायु उन्हें बताता है कि रावण अपने विमान पर सीता जी को लेकर इस दिशा में गया है। मैंने उन्हें रोकने का प्रयास किया, युद्ध किया लेकिन वह मुझे घायल कर चला गया। उसके बाद जटायु अपने प्राण त्याग देता है। इस दृश्य के बाद श्रीराम-लक्ष्मण की भेंट शबरी से होती है। शबरी उनकी सारी बात सुनने के बाद बताती है कि थोड़ी दूरी पर राजा सुग्रीव रहते हैं। जब वे सुग्रीम से मिलने जाते हैं तो उनकी भेंट सबसे पहले हनुमान जी से होती है। वहां उपस्थित दर्शकों द्वारा हनुमान चालीसा का उच्चारण किया जाता है। जिसके बाद श्रीराम व लक्ष्मण की मुलाकात श्रीराम व लक्ष्मण से मुलाकात होती है। मुलाकात के बाद राम उन्हें अपनी परेशानी बताते हैं और सीता माता की खोज के लिए मदद का आग्रह करते हैं। जिस पर सुग्रीव हनुमान सहित अपनी सेना को अलग-अलग दिशा में भेज देते हैं। उसके बाद दिखाए गए दृश्य में हनुमान सीता माता द्वारा रास्ते में फैंके गए आभूषणों को देखकर सुग्रीव व राम को लौटा देते हैं। इसके बाद सुग्रीव व श्रीराम में मित्रता हो जाती है। श्रीराम से सुग्रीव कहते हैं कि मैंने आपका कार्य शुरु कर दिया है, अब आप मेरी मदद करें। इस दृश्य के दौरान सुग्रीव व बाली का युद्ध होता है। इस दौरान बाली का वध हो जाता है। रामलीला मंचन के दौरान शांति, जगदीश ग्रोवर, अशोक दिवाकर आदि मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। आयोजन को सफल बनो के लिए किशोरी लाल डूडेजा, भारत भूषण दीवान, तुषार, सोनू, वरुण, राजेश टुटेजा, नीतू आदि का सहयोग रहा।

सीता का हरण, श्रीराम की सुग्रीव से मुलाकात लीला का किया मंचन

गुरुग्राम। साईबर सिटी में चल रही रामलीला मंचन के दौरान लोगों में भारी उत्साह है। न्यू कालोनी स्थित गीता भवन की श्रीसनातान धर्मसभा व केंद्रीय श्रीसनातन धर्मसभा के प्रधान तथा रामलीला के डायरेक्टर सुरेंद्र खुल्लर एवं संयोजक व गीता भवन के उप प्रधान व संयोजक मुनीष खुल्लर ने संयुक्त रुप से जानकारी देते हुए बताया कि रावण दरबार के दौरान सुर्पनखा नाक कटने के बाद पहुंचकर बताती है कि भैय्या पंचकुटी में 2 वनवासी एक महिला के साथ आए हैं, जिन्होंने मेरी नाक काट दी है। जिस पर रावण गुस्से में उनसे बदला लेने के लिए मारीच के पास जाते हैं और कहते है कि तुम हिरण भेष बदलो, 2 वनवासियों ने बहन की नाक काट दी है, हमें उनसे बदला लेना है। दूसरे दृश्य के दौरान मारीच सोने का हिरण बनकर पंचवटी में कुटिया के आस-पास मंडराने लगता है। सोने का हिरण देखकर सीता श्रीराम से कहती है कि इस हिरण को मार कर लाओ। श्रीराम द्वारा बार-बार यह समझाने के बाद भी कि सोने का हिरण कहीं नहीं होता, यह कोई राक्षण भी हो सकता है। सीता की जिद के कारण श्रीराम मजबूरी में हिरण का पीछा करते हैं। इसके बाद श्रीराम की आवाज आती है बचाओ बचाओ। जिस पर सीता जी लक्ष्मण से श्रीराम की मदद करने का आग्रह करती है। काफी जिद के बाद लक्ष्मण सीता जी से कहते हैं कि मैं आपकी जिद के कारण जा रहा हूं, लेकिन एक शर्त है कि मैं यह लक्ष्मण रेखा खींचकर जा रहा हैं, जिसको आप पार नहीं करेंगी। लक्ष्मण रेखा खींचने के बाद जिस दिशा से आवाज आती है, उस दिशा में लक्ष्मण चले जाते हैं। लक्ष्मण के जाने के बाद रावण साधु का वेश धारण कर सीता के पास भिक्षा मांगने जाता है। सीता माता ने जब उसे लक्ष्मण रेखा के अंदर आकर भिक्षा लेने की बात कहती है तो रावण भिक्षा लेने के लिए मना कर देता है तथा बिना भिक्षा लिए ही वापिस जाने की बात कहता है। साधु को बिना भिक्षा वापिस जाते देखकर सीता जी लक्ष्मण रेखा पार कर भिक्षा देने आ जाती है। उसके बाद रावण साधु का वेश छोड र अपने असली रुप में आ जाता है और सीता जी का हरण कर ले जाता है। सीता माता रास्ते में बचाओ बचाओ की आवाज लगाती है और अपने आभूषण रास्ते में फैंक देती है। उसके बाद जब श्रीराम व लक्ष्मण वापिस पंचवटी आते हैं तो उन्हें सीता कहीं दिखाई नहीं देती। सीता की खोज में श्रीराम व लक्ष्मण जंगल में भटकते हैं तो रास्ते में उनकी भेंट घायल जटायु से होती है। जटायु उन्हें बताता है कि रावण अपने विमान पर सीता जी को लेकर इस दिशा में गया है। मैंने उन्हें रोकने का प्रयास किया, युद्ध किया लेकिन वह मुझे घायल कर चला गया। उसके बाद जटायु अपने प्राण त्याग देता है। इस दृश्य के बाद श्रीराम-लक्ष्मण की भेंट शबरी से होती है। शबरी उनकी सारी बात सुनने के बाद बताती है कि थोड़ी दूरी पर राजा सुग्रीव रहते हैं। आप उनसे मिलें, वे आपकी मदद अवश्य करेंगे। वहां पहुंचने के बाद हनुमान जी राम व लक्ष्मण को सुग्रीव से मिलवाते हैं। मुलाकात के बाद राम उन्हें अपनी परेशानी बताते हैं और सीता माता की खोज के लिए मदद का आग्रह करते हैं। जिस पर सुग्रीव हनुमान सहित अपनी सेना को अलग-अलग दिशा में भेज देते हैं। उसके बाद दिखाए गए दृश्य में हनुमान सीता माता द्वारा रास्ते में फैंके गए आभूषणों को देखकर सुग्रीव व राम को लौटा देते हैं।

22वें दिन भी गुरुग्राम पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। साईबर सुरक्षा जागरूकता माह के 22वें दिन गुरुग्राम पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन कर आमजन को जागरुक किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुरुग्राम पुलिस द्वारा अक्टूबर माह को साईबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान गुरुग्राम पुलिस द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके व विभिन्न माध्यमों से आमजन को साईबर सुरक्षा से सम्बन्धित विषयों पर विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा। इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को साईबर अपराधों की बारे में विस्तृत जानकारी देकर उन्हें जागरूक करना है, ताकि वो किसी भी प्रकार के साईबर अपराध का शिकार ना हो और इन अपराधों को अंजाम देने वाले ठगों पर लगाम लगाई जा सके। इसी क्रम में रविवार को सहायक पुलिस आयुक्त साईबर अपराध विपिन अहलावत के नेतृत्व में कार्यस्थल पर साइबर सुरक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए गुरुग्राम की पुलिस टीमों द्वारा गुरुग्राम के विभिन्न स्थानों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को जागरूक किया गया।इस दौरान बताया गया कि कार्यस्थल पर साइबर सुरक्षा बेहद जरूरी है। कार्यस्थल पर हुई चूक का फायदा उठाकर साइबर अपराधी या हैकर्स आपको वित्तीय नुकसान पहुंचा सकते हैं तथा लाखों लोगों की जानकारी भी उनके पास जा सकती है। इस दौरान बताया गया कि साइबर अपराधियों या हैकर्स से अपने डिवाइस या सिस्टम को सुरक्षित रखने के लिए अपने डिवाइस पर स्ट्रांग पासवर्ड का प्रयोग करना चाहिए तथा अपने सिस्टम को अप टू डेट रखना चाहिए। ऑफिस में काम करने के बाद जाते समय अपने सिस्टम को बंद कर देना चाहिए जिससे कि कोई आपकी निजी जानकारी या आपके सिस्टम तक पहुंच न बना सके। फ्री वाई-फाई के प्रयोग से बचना चाहिए। किसी भी अंजान स्रोत से आए लिंक या ईमेल पर अटैचमेंट या किसी लिंक को नहीं खोलना चाहिए। इस दौरान बताया गया कि साईबर ठगों के बारे में जानकारी इकट्ठा करके उन पर कार्यवाही कर साईबर ठगी पर पुलिस द्वारा लगाम लगाई जा रही है। तथा साईबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इस दौरान यह भी बताया गया कि साईबर ठग आपकी जानकारी प्राप्त करके आपको न केवल आर्थिक हानि पहुँचाते है अपितु वे आपको मानसिक रूप से भी परेशान करते है। उनके द्वारा आपसे विभिन्न माध्यमों से सम्पर्क करके आपसे/आपके उपकरण/डिवाईस से चोरी करके हासिल की गई जानकारी एक गलत/अश्लील रूप देकर उसे सामाजिक/वायरल करके समाज मे आपकी प्रतिष्ठिता को प्रभावित करते है। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार से प्रलोभन देकर व डर/भय दिखाकर ठगी/फ्रॉड को अंजाम देते है। इसलिए हमें अच्छे से समझना चाहिए कि साईबर अपराध क्या है और इससे बचने के लिए साईबर सुरक्षा की जानकारी रखना हमारे लिए कितनी आवश्यक है।

खबर फटाफट

श्री राम के जीवन से लें प्रेरणा: प्रदीप खटाना

तावडू। शहर की पंजाबी धर्मशाला में चल रही रामकथा में रविवार को बतौर मुख्यअतिथि सोहना-तावडू विधान सभा क्षेत्र के वरिष्ट कांग्रेसी नेता प्रदीप खटाना ने भाग लेकर आयोजक कमेटी को 21 हजार रूपए का दान दिया। उन्होंने मर्यादा पुरूषोतम भगवान श्रीराम के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला व उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आहवान भी किया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर इस तरह के आयोजनों से लोगों में भगवान की तरफ प्रेरित प्रेम, विश्वास और लगन की भावना उत्पन्न करते हैं। वहीं धार्मिक आयोजनों से अभिभावकों के साथ-साथ आने वाले बच्चों में संस्कार देते हैं।

लोक अदालत न्याय पाने का सस्ता व सुलभ मार्ग : कविता यादव

नूंह। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कविता यादव ने बताया कि लोक अदालत न्याय पाने का सस्ता व सुलभ मार्ग है। इसमें सभी मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया जाता है। इसलिए अगर कोई व्यक्ति अदालत में लंबित मुकदमे का शीघ्र निस्तारण चाहता है तो वह लोक अदालत में अपने मामले को रखवा सकता है।

कविता यादव ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 9 दिसंबर को न्यायिक परिसर नूंह में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। वादकारी इस अदालत में सुलह समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में शीघ्र व सुलभ न्याय मिलता है। इस अदालत में हुए फैसले के खिलाफ किसी अन्य न्यायालय में कोई अपील नहीं होती। यहां पर अंतिम रूप से निपटारा होने से समय व पैसे की भी बचत होती है। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाता है। कविता यादव ने बताया कि आपसी सहमति से हल हो सकने वाले मामलों में लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं। लोक अदालतों में ना तो किसी पक्ष की हार होती है और ना ही जीत, बल्कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादों का समाधान करवाया जाता है, जिससे समाज में भी भाईचारे की भावना बनी रहती है।

मंदिर में किया साईं सच्चरित्र पाठ

तावडू। शहर के वार्ड नंबर 14 में स्थित श्रीसाईं धाम मंदिर में रविवार को श्रीसाईं बाबा धाम एवं संस्थान ट्रस्ट द्वारा श्रीसाईं बाबा के समाधी दिवस के उपलक्ष्य में श्रीसाईं सच्चरित्र पाठ आरंभ हुआ। रविवार को विभिन्न साईं भक्तों ने साईं सच्चरित्र पाठ श्रवण किया।पाठ में दर्शाया गया कि समुद्र में अनेक स्थानों पर ज्योति स्तंभ इस लिए बनाए जाते हैं, जिससे नाविक चट्टानों और दुर्घटनाओं से बच जाए। जहाज को कोई हानि न पहुंचे। इस भवसागर में भी श्रीसाईं बाबा का चरित्र ठीक उपर्युक्त की भांति ही है। वह अमृत से भी अधिक मधुर और संसारिक पथ को सुगम बनाने वाला है। जब वह कानों के द्वारा हृदय में प्रवेश करता है, तब दैहिक बुद्धि नष्ट हो जाती है और हृदय में एकत्रित करने से, समस्त कुशकांए लोप हो जाती हैं। अहंकार का विनाश हो जाता है तथा बौद्धिक आवरण लुप्त होकर ज्ञान प्रकट हो जाता है। बाबा की विशुद्ध कृति का वर्णन निष्ठापूर्वक श्रवण करने से भक्तों के पाप नष्ट हो जाते हैं। अत- यह मोक्ष प्राप्ति का भी सरल साधन है।

केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल में गरबा नाइट का आयोजन

गुरुग्राम। केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल में गरबा नाइट 2023 का आयोजन किया गया। जिसमे डांडिया का भव्य आयोजन हुआ। परंपरागत रंग बिरंगे वेशभूषा में स्कूल के स्टूडेंट्स ने जब डांडिया शुरू किया तो पूरा स्कूल परिसर झूम उठा। गीत की धून पर ऐसा लगा मानो पूरा परिसर नाच रहा है। कार्यक्रम की शुरवात में हम कथा सुनाते की की धून पर पांचवी के छात्रों ने श्री राम के जीवन पर एक भव्य परस्तुति दी। इसके बाद शुरू हुआ डांडिया का परंपरागत नृत्य। हाथों में छड़ी लेकर परंपरागत वेशभूषा में उतरे स्टूडेंट्स जब गीत की धुन पर थिरकने लगे तो एक शमा बंध गया। देखते ही देखते स्कूल के सभी स्टूडेंट्स परिसर में नाच उठे। स्कूल की प्रिंसिपल नीलिमा कामराह ने कहा कि गरबा एक प्रमुख गुजराती लोक नृत्य है जिसे गुजरात में ही नहीं पुरे भारत में बहुत प्रेम किया जाता है। इस आयोजन में स्कूल के छात्र और शिक्षक समूह ने गरबा के माध्यम से गुजराती संस्कृति का आनंद लिया। इस मौके पर संजना जोन्स, अनीता मिड्ढा, छात्रों के अभिभावक शिक्षक और स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।

हम सब अपने त्योहार मिलकर मनाते हैं

गुरुग्राम। विभिन्न स्थानों पर आयोजित नवरात्रि व दुर्गा पूजा महोत्सव के कार्यक्रमों में सरपंच सुंदर लाल यादव ने शिरकत करके आयोजकों को बधाई दी। इन त्योहारों को उनके साथ मिलकर मनाया। वहां गुजराती समाज की तरफ से उनका और साथियों का स्वागत और मान-सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि हमारी संस्कृति की यही खूबसूरती है कि हम सब अपने त्योहार मिलकर मनाते हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम लघु भारत है। यहां हर राज्य के लोग रहते हैं। सभी की अपनी संस्कृति, त्योहार हैं। कई त्योहार ऐसे हैं, जो हर राज्य में किसी न किसी रूप में मनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि लघु भारत गुरुग्राम में रहने वाले अलग-अलग राज्यों के लोगों का यहां के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान है। चाहे कोई यहां मजदूरी करने आया हो या फिर कोई बड़े पद पर आसीन है। मेप्सको कासाबेला सोसायटी के प्रधान धर्मवीर यादव और समस्त मेप्सको कासा बेला सोसायटी के निवासियों को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी। तीसरा कार्यक्रम न्यू टाउन हाइट्स-86 में रहा। वहां दुर्गा पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने मां दुर्गा की विशाल प्रतिमा के समक्ष नतमस्तक होकर आशीर्वाद लिया। पूजा-अर्चना की। वाटिका-एफ ब्लॉक सेक्टर-82 में माता की चौकी कार्यक्रम में सरपंच सुंदर लाल यादव ने अपनी पूरी टीम के साथ शामिल होकर माता का आशीर्वाद लिया।

मनोहर लाल के मेवात दौरे पर **बोले आफताब और इलियास**, मुख्यमंत्री को नूंह हिंसा के तीन महीने बाद मेवात याद आया

मेवात की आवाम का विश्वास खो चुके मुख्यमंत्री मनोहर लाल

- दो दिन प्रवास के बावजूद इलाके के विकास के लिए मुख्यमंत्री ने कोई पहल नहीं दिखाई

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। कांग्रेस विधायक दल के उप नेता नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने पुन्हाना विधायक चौधरी मौहम्मद इलियास व पार्टी पदाधिकारियों संग जिला कांग्रेस मुख्यालय नूंह पर प्रेस वार्ता कर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मेवात प्रवास के बाद प्रतिक्रिया देते हुए कहा मुख्यमंत्री व सरकार से स्थानीय लोग निराश हैं। कांग्रेस नेता आफताब अहमद ने कहा कि जब पूर्व के सीएम या पीएम मेवात आते थे या आने की संभावना भी रहती थी तो इलाके की सडकें बन जाया करती थी। 1996 में पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री मरहूम चौधरी खुर्शीद अहमद के प्रयासों से तत्कालीन प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा नगीना आए तो इलाके को अलाफिया अस्पताल का तोहफा मिला था। लेकिन आज जब मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर आते हैं तो इलाके की सडक तक मरम्मत नहीं होती हैं। सीएलपी उप नेता आफताब अहमद ने कहा कि जुलाई में नूंह में हुई दुर्भाग्यपूर्ण हिंसा की घटना के लगभग 3 महीने बाद मुख्यमंत्री नूंह आते हैं और इलाके के उत्थान व भलाई के कामों के बजाय अपनी सफाई व आरोप प्रत्यारोप में लगे रहे। दो दिन प्रवास के बावजूद इलाके के विकास के लिए मुख्यमंत्री ने कोई पहल नहीं दिखाई बल्कि अपनी पुरानी घोषणाओं को आज तक पूरा नहीं कर सके हैं। आफताब अहमद ने कहा कि मुख्यमंत्री शहीद हसन खान मेडिकल कॉलेज में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक तो करते हैं लेकिन मेडिकल कॉलेज के बदतर हालात देखने व मरीजों, डाक्टरों से मिलने अंदर नहीं जाते। ये दर्शाता है कि सरकार मेवात की स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति गंभीर नहीं है। सीएम के द्वारा छात्रों को पढने की नसीहत पर आफताब अहमद ने सवाल उठाते हुए कहा कि स्कूलों में प्रयाप्त शिक्षक कहां है, जो छात्र सही से पढ सकें। अगर वो इलाके की शिक्षा व बच्चों के भविष्य के प्रति सजग हैं तो क्यों बडकली में एमडीयू रीजनल सेंटर जो पूर्व की कांग्रेस सरकार ने घोषणा की उसे लटकाया गया। मुख्यमंत्री क्यों मेवात में विश्वविद्यालय निर्माण नहीं करा रहे हैं। विधायक आफताब अहमद ने सवाल उठाते हुए कहा कि नूंह हिंसा पर केंद्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन के ब्यान के बाद मुख्यमंत्री अपनी सफाई देने में लगे रहे। नूंह के शहीद के परिजनों से भी मिलने के लिए सीएम को दो महीने का लंबा समय लगा। जबकि नूंह हिंसा में जिन बेकसूर लोगों के घर, दुकान, रेहडी सरकार ने गैर कानूनी कार्रवाई के तहत गिराए या तोड़े उनसे मुख्यमंत्री मिले ही नहीं। बल्कि जिन चंद लोगों को मुआवजा मिला वो अपर्याप्त है, नुकसान ज्यादा हुआ मुआवजा कम मिला।इस दौरान पीसीसी सदस्य महताब अहमद, नईम इकबाल, युसुफ खान, आमिल चेयरमैन, वहीद सलंबा, चौधरी सपात, आसिफ चंदेनी, रजा ऐडवोकेट, इखलास, खुर्शीद फौजी खे ला, शमीम चंदेनी, अल्ताफ डीके सहित कांग्रेस जन मौजूद थे।

सरकार की छवि बचाते नजर आए मनोहर लाल मौहम्मद इलियास

वहीं पुन्हाना विधायक चौधरी मौहम्मद इलियास ने भी मुख्यमंत्री की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि मनोहर लाल का मेवात प्रवास महज अपनी कमियों को पर्दा डालने जैसा था। मेवात के विकास के बजाय मुख्यमंत्री अपनी व सरकार की छवि बचाते नजर आए। विधायक मौहम्मद इलियास ने कहा कि बेकसूर लोगों पर पुलिस-प्रशासन के अत्याचारों पर भी सीएम मौन समर्थन देते दिखाई दिए।

विधायक आफताब अहमद का सीएम से सवाल ?

होम गार्ड के जवान व गुड़गांव मस्जिद में हिंसा में मारे गए मौलाना के परिजनों से सीएम क्यों नहीं मिले, और पीड़ति परिवार को मुआवजे का क्या हुआ। उन्होंने कहा की भाजपा सरकार ने मेवात के लोगों के साथ न्याय नहीं अन्याय किया, पहले मेवात के सामाजिक भाईचारे को खराब कराने की कोशिश हुई फिर इलाके के मान सम्मान पर बुलडोजर चलवाया गया, हाईकोर्ट संज्ञान नहीं लेता तो हालात और दर्दनाक होते। विधायक आफताब अहमद ने मुख्यमंत्री से सवाल करते हुए पूछा कि सरकार आज तक नूंह घटना की जांच हाईकोर्ट सिटिंग जज से क्यों नहीं कराने का साहस दिखा पाई। सीएलपी उप नेता आफताब अहमद ने स्थानीय भाजपा नेता पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वो कहते हैं कि भाजपा ने उन्हें ये पद दे दिया वो पद दिया वो बताएं कि उन्होंने मेवात को क्या दे दिया। क्या उन्होंने मेवात के बेकसूर लोगों की पीड़ा को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया या कोई विकास व सुधार की मांग उनके समक्ष रखी। आफताब अहमद ने कहा कि ऐसा नेताओं की असलियत अब आवाम समझ चुकी है।

मेवात में धड़ल्ले से चल रहा है नकली पनीर बनाने का धंधा

पनीर और घी के नाम पर बनाया जा रहा है धीमा जहर

- कई बार छापेमारी के बावजूद नहीं थम रहा ज़हरीला पनीर और घी बनाने का गोरख धंधा

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। मेवात के कई गांवों में नकली दूध और पनीर बनाने का धंधा जोरों पर चल रहा है। पिनंगवा सहित आस पास के दर्जनों गांवों में नकली दूध और पनीर बनाने की डेयरियां लगी हुई हैं। जिनमें दूध और पनीर के नाम पर मात्र धीमा जहर बनाया जा रहा है। मोटा मुनाफा कमाने के लालच में ये नकली दूध और पनीर बनाने वाले व्यापारी मनुष्यता को भी भूल चुके हैं। ऐसा नहीं है कि सम्बन्धित विभाग को इसकी जानकारी नहीं है, लेकिन हर माह पहुंचने वाला लाखों रुपए का प्रसाद कार्यवाही में रुकावट बना हुआ है। जिले के खाद्य अधिकारी इन डेयरियो का दौरा तो करते हैं, लेकिन अपनी जेबें भरकर बिना कार्यवाही वापस चले जाते हैं। विभाग के होते हुए ये नकली पाउडर धड़ल्ले से ट्रकों में भर भरकर रोजाना बड़ी मात्रा में मेवात में आता है और फिर डेयरियों पर जाकर नकली दूध और पनीर बनाने के लिए उपयोग हो रहा है।

घटिया सामग्री से बनाया जाता है नकली दूध और घी

पिनंगवा में कई व्यापारी हैं जो इस नकली दूध बनाने के सामान का धंधा करते हैं। ये व्यापारी गैर कानूनी तरीके से नकली दूध का पाउडर ट्रकों में भरकर मंगाते हैं और साथ ही घटिया रिफाइंड ऑयल, शुगर पाउडर और चूना जैसी वस्तुएं इस दूध और घी को बनाने वाली हर सामग्री का धंधा करते हैं। ये सारी सामग्री सुबहङ्कसुबह उजाला होने से पहले इन व्यापारियों के गोदामों में भर दी जाती है। जहां से फिर ये डेयरियों तक पहुंचती है। लेकिन इस बीच न तो इन ट्रकों को मेवात में प्रवेश करने पर रोका जाता है और न ही इन्हें चेक करके इनके बिलों को देखा जाता है। क्योंकि विभाग को उनका चंदा पहले ही मिल चुका होता है।

रात के अंधेरे में चलता है नकली कारोबार का खेल

आपको बता दें कि नकली दूध के पाउडर का ये कारोबार रात के अंधेरे में जोरों से चलता है। रातों रात बड़े बड़े ट्रकों में भरकर ये नकली दूध बनाने का सामान पिनंगवा में पहुंचकर बड़ेङ्कबड़े व्यापारियों के गोदामों में भर दिया जाता है, जहां से फिर इसे डेयरी व्यापारी खरीदकर अपनीङ्कअपनी डेयरियों पर ले जाते हैं और नकली दूध और पनीर बनाकर रातों रात गाड़ियों में भरकर दिल्ली एनसीआर के इलाकों में भेजा जाता है। इतना ही नहीं यही दूध दुकानों में मिठाईयां बनाने के काम भी आता है। जहां दुकानदार भी कम लागत में ज्यादा मुनाफा कमाने के लालच में नकली मिठाईयां बनाकर बेचते हैं, वहीं यही दूध और पनीर गुडगांव, फरीदाबाद और दिल्ली तक भेजा जाता है। इस बड़े मुनाफे में नकली पाउडर व्यापारी, नकली पनीर व्यापारी और मिठाई व्यापारी सबको बराबर हिस्सा मिलता है और इसमें से इकट्ठा कर एक हिस्सा अधिकारियों को चंदे में दिया जाता है, जिससे इन्हें कार्यवाही का कोई डर नहीं होता और इनका धीमा जहर बनाकर मासूम जनता की जान से खिलवाड़ करने का धंधा जोरों से चलता रहता है।

जिलाधीश ने पारित किए आदेश

परीक्षा केंद्रों पर धारा-144 लागू

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की माध्यमिक व वरिष्ठ माध्यम कक्षाओं की 19 अक्टूबर से 8 नंबवर तक होने वाली बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित करवाने के उद्देश्य से आपरिधक प्रक्रिया सङ्क्षहता 1973 की धारा 144 के तहत आदेश कर परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में फोटोस्टेट मशीन संचालित करने व लोगों के फ्री मूवमेंट पर प्रतिबंध लगाया है। ड्यूटी पर नियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों पर यह आदेश लागू नहीं होंगे।

जिलाधीश ने इन आदेशों में स्पष्ट किया है कि बोर्ड परीक्षाओं के लिए हिंदू वरिष्ठ माध्यामिक विद्यालय, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हरमन विद्यालय, खेड़ला स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मारिया मंजिल स्कूल तावडू रोड, प्रभात सी.सै. स्कूल छछैड़ा व आर.के इंटरनेशनल स्कूल सलंबा में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन स्कूलों 200 मीटर की परिधि में कोई भी आवागमन नहीं होगा व फोटोस्टेट की मशीनें बंद रखनी होंगी। इन आदेशों की उल्लंघना करने पर आईपीसी की धारा 188 के तहत कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

पिनगवां रामलीलाओं में लगातार **बढ़ रही दर्शकों** की भीड़

लक्ष्मण ने काटी सूर्पनखा की नाक रावण ने किया माता सीता का हरण

- रामलीला के हास्य कलाकार कौशल सिंगला ने अपनी कला से मौजूद दर्शकों को तालियां बजाने के लिए कर दिया मजबूर

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। पिनगवां में हो रही रामलीलाओं में लगातार मंच पर कलाकार अपनी कला से दर्शकों का मन मोह रहे हैं। इतना ही नहीं जैसे-जैसे दशहरा नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे रामलीलाओं में लगातार दर्शकों की भीड़ बढ़ती जा रही है। पिनगवां में बीती रात रामलीला में राधा रमन नाटक मंडल के कलाकारों द्वारा सूर्पणखा की नाक काटने और खर-दूषण के वध व सीता हरण की लीला का मंचन हुआ। शूर्पणखा के डरावने रूप को देखकर रामलीला में आएं बच्चे भी डर के मारे सहम गए। राधा रमन नाटक मंडल के संयोजक नवीन गौतम ने बताया कि नाक काटे जाने के बाद सूर्पनखा रावण दरबार में पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाती है। यह सुनकर रावण आग बबूला हो जाता है और सीता हरण की योजना बनाता है। पहले दृश्य में पंचवटी में बैठे भगवान राम, लक्ष्मण और सीता को देखकर राम पर मोहित होकर सूर्पनखा उनसे शादी का प्रस्ताव रखती है। सच्चाई से वाकिफ राम प्रस्ताव को ठुकरा कर लक्ष्मण के सामने प्रस्ताव रखने की बात कहते हैं। लक्ष्मण को शादी करने के लिए कहने पर लक्ष्मण भाई की आज्ञा के बिना शादी न करने की बात कहते हैं। एक बार फिर सूर्पनखा राम के पास जाती है, तो वही जवाब मिलता है। इस पर गुस्साई सूर्पनखा सीता को बुरा भला कहती है और लक्ष्मण के पास जाकर राम को काले रंग का कहकर लक्ष्मण को रिझाने का प्रयास करती है। भाई के लिए अपशब्द सुनने पर लक्ष्मण कटार निकालकर सूर्पनखा के नाक-कान काट देते हैं। इस दृश्य पर दर्शकों ने तालियों की गडड़ाहट से श्रीराम का जयघोष किया। इसके बाद वह सीता हरण की योजना बनता है। इस दौरान रामलीला के हास्य कलाकार कौशल सिंगला ने अपनी कला से मौजूद दर्शकों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया और दर्शकों की वाह-वाही लूटी। इस मौके पर यादराम गर्ग समाजसेवी, शेखर सिंगला, विजय पटेल सहित काफी लोग मौजूद रहे।

भगवान राम ने किया खर-दूषण का वध

लज्जित होकर भाई खर-दूषण के पास जाकर सूर्पनखा दोनों भाइयों को मारने का आदेश देती है। बहन की बेइज्जती से गुस्साए खर-दूषण पंचवटी में जाकर उत्पात मचाते हैं और राम को युद्ध के लिए ललकारते हैं,दोनों ओर से बाणों की वर्षा होती है और राम दोनों को बाण से मार देते हैं। इसके बाद भाइयों की मृत्यु का समाचार लेकर सूर्पनखा रावण के दरबार में जाती है। रावण को आपबीती सुनाने पर वह गुस्से से आग बबूला हो जाता है।

मौसम में आए बदलाव के चलते बीमारियां पसार रही पैर

तावडू । अक्टूबर माह आधा बीत गया है और इसके साथ ही सुबह के समय हल्की सर्दी की दस्तक से बच्चे व बुजुर्ग ठंड महसूस करने लगे हैं। हालांकि दिन के मौसम में बदलाव व तापमान में उतार चढ़ाव स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो रही हैं। जैसे-जैसे सर्दी का आगमन हो रहा है वैसे-वैसे बच्चों में जहां निमोनिया की शिकायत के मामले सामने आ रहे हैं वहीं बड़े व बुजुर्ग जुकाम, खांसी और बुखार की जकडऩ में आ रहे हैं। जिसके चलते शहर व क्षेत्र में सरकारी अस्पताल सहित निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। पिछले एक सप्ताह से सुबह व शाम के समय मौसम में बदलाव आ रहा है। सुबह व शाम के समय हल्की ठंड महसूस की जा रही है। सुबह व शाम के समय तापमान में गिरावट के साथ हल्की ठंड पडने लगी है। फिलहाल शुरू हुई हल्की ठंड ने बच्चों व बड़ों के साथ बुजुर्गों को भी लपेटे में लेना शुरू कर दिया है।

तावडू में अवैध देसी कट्टे सहित युवक काबू, मामला दर्ज

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू। उपमंडल के गांव डिढारा मोड बाईपास के समीप से पुलिस ने सूचना पर एक व्यक्ति को एक अवैध देसी कट्टा व कारतूस सहित काबू कर लिया। पुलिस ने नामजद व्यक्ति के खिलाफ आर्मज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस क्राईम की रोकथाम के लिए गांव डिढारा मोड बाईपास पर मौजूद थी कि सूचना मिली कि गांव चूंधिका निवासी मुशर्रफ अपने पास अवैध हथियार रखता है और आज भी अवैध हथियार को लेकर कहीं जाने की फिराक में गांव डिढारा बस अड्डा पर खड़ा हुआ है। पुलिस ने सूचना पर रेड मारी तो एक व्यक्ति पुलिस की गाडी को देखकर पैदल तेज कदमों से भागने की कोशिश करने लगा। जिसको पुलिस टीम ने काबू कर लिया। जिसने अपनी पहचान गांव चूंधिका निवासी मुशर्रफ के रूप में कराई। जिसकी तलाशी लेने पर उससे एक देशी कट्टा 315 बोर व कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने नामजद व्यक्ति के खिलाफ आर्मज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

आस्था | श्री रामलीला कमेटी सदर बाजार का आठवां दिन

रामलीला में किष्किंधा कांड का किया गया मंचन

मनोज गोयल, भरोसा मित्र

गुरुग्राम 1916 में स्थापित श्री रामलीला कमेटी सदर बाजार गुड़गांव के तत्वावधान में आयोजित श्री रामलीला के 8 वें दिन की लीला में किष्किंधा कांड का सुंदर मंचन किया गया। इस अवसर पर श्री विक्रांत शर्मा जी ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अपनी धर्मपत्नी एवम बच्ची सहित उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अर्जुन अग्रवाल पूर्व कलाकार एवम प्रवीण अग्रवाल मनोहर स्टील उपस्थित रहे। प्रधान वीके जैन, निदेशक मुकेश गोयल, सह निदेशक राजू गुप्ता, सचिव श्याम जैन, कोषाध्यक्ष नितिन मंगला, अजय गोयल, विजेंद्र गोयल , प्रमोद गुप्ता, अमित अग्रवाल आदि कमेटी सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा।

मंच संचालन मनोज गोयल गुप्ता मेडिकल ने किया। श्री राम की भूमिका में अंश मंगला, लक्ष्मण की भूमिका में राघव मंगला, सुग्रीव की चंचल गोयल , विभीषण की भूमिका में आशीष मंगला , हनुमान जी की भूमिका में देवेंद्र गुप्ता दवाई वाले, बाली की भूमिका में अजय सिंगला, बाल अंगद की भूमिका में जैविक अग्रवाल, सीता की भूमिका में वाशु सिंगला ने मनमोहक रोल अदा किया। इस अवसर पर एडवोकेट हंसराज, अमित गोयल, रामोतार गर्ग , तुषार मंगला, सचिन मंगला नवीन खटाना, नवीन अग्रवाल आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय कार्य कर रही हरियाणा सरकार : निशांत कुमार

भरोसा मित्र ब्यूरो

गुरुग्राम। हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय कार्य कर रही है। सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर में शुरू किए गए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाने तथा बेटियों को शिक्षित बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। सरकार की ओर से श्रमिक कल्याण विभाग के माध्यम से श्रमिकों की स्नातक स्तर की शिक्षा ग्रहण करने वाली बेटियों को इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीदने के लिए 50,000 रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

डीसी निशांत कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत स्कूटी केवल उन्हीं छात्राओं को दी जाएगी जिनके माता-पिता श्रमिक हैं और उनका पंजीकरण श्रम और कल्याण विभाग में हो चुका है। इसके तहत छात्रा का दाखिला कॉलेज में होना जरूरी है। इसके लिए श्रमिक परिवार को अपनी ही पंजीकरण आईडी के माध्यम से आवेदन करना होगा।

खबर फटाफट

स्वास्थ्य शिविर में 55 रोगियों का स्वास्थ्य जांचा

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। सभा प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव के अनुसार शिविर मे 55 मरीजो को निशुल्क परामर्श दिया गया तथा फ्री दवाईया भी प्रदान की गई। शिविर में डॉक्टर एचआर यादव, डॉक्टर प्रशांत यादव, डॉक्टर प्रदीप यादव, डॉक्टर मनीष यादव व डॉक्टर अजीत सिह यादव ने ओपीडी सेवाए प्रदान की। शिविर को सफल बनाने मे जसवंत सिंह यादव, अमर सिंह यादव व बिक्रम आदि ने विशेष योगदान दिया।

रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी मेन ने पांचवे माह भी जारी रखी अपनी रसोई

रेवाड़ी। समाज के प्रति अपनी जिम्मेवारी को जारी रखते हुएए रोटरी क्लब ऑफ़ रेवाडी मेन ने पांचवें महीने भी जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन सेवा जारी रखी। बाल भवन में प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को भोजन वितरण किया जाता है। जिसमें 250-300 व्यक्तियों को भोजन परोसा जाता है। प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट चेयरमैन क्लब के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा ने इस प्रोजेक्ट को पूरे साल जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है। क्लब अध्यक्ष ज्योति अदलखा ने कहा कि रोटरी रसोई एक अनूठी तरह की परियोजना है, जो क्लब की सतत परियोजना है। क्लब सचिव नेहा शर्मा ने बताया कि वर्षगांठ-जन्मदिन के अवसर पर लोग इस रसोई को सहयोग देने के लिए आगे आ रहे हैं। क्लब अगले माह रसोई के लिए अपना ढांचा तैयार करने जा रहा है, ताकि रसोई की उचित सेवा ठीक से हो सके। इस तरह की रसोई जिले के 5-6 क्लबों द्वारा चलाई जा रही है और डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जीतेंद्र गुप्ता ने भी क्लब के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस तरह के प्रोजेक्ट समाज के लिए सच्ची सेवा है। इस अवसर पर समाजसेवी रिपुदमन गुप्ता, विनय शील गोयल, जेपी चौहान, दलीप कुमार, संजीव गुप्ता एवं डा. नवीन अदलखा आदि मौजूद थे।

चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, भजन पर झूमे साधक

रेवाड़ी। हमारा परिवार संस्था की ओर से दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर चलो बुलावा आया है-माता ने बुलाया है, कार्यक्रम का आयोजन पंजाबी धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेता बलजीत यादव, एडवोकेट सुनील भार्गव, राजेश दत्त शर्मा प्रधान काठमांडी व्यापारी एसोसिएशन व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि शारदीय नवरात्रि का स्वास्थ्य की दृष्टि से विशेष महत्व है। नवरात्रि के 9 दिन शुद्ध आहार विहार, मां की पूजा अर्चना करते हुए हम सभी अपने जीवन में भक्ति व शक्ति दोनों का आशीर्वाद पाते हैं। संस्था के प्रधान अरुण गुप्ता, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल व संयोजक प्रवीण ठाकुर ने कहा कि अष्टमी के दिन छोटी-छोटी कन्याओं का पूजन करने का सुंदर विधान हमारे सनातन धर्म में है। यह कन्या पूजन की मर्यादा युगों से हमारे धर्म में चली आ रही है। सेक्टर 4 हाउसिंग बोर्ड प्रधान मुकेश कुमारी, महिला प्रधान निशा सिकरी, अनुराधा सैनी ने कहा कि नवरात्रि के नौ दिनों में घरों में अपने बच्चों के साथ मिलकर मां की प्रतिमा के सामने आरती करते हैं। पावन ज्योत जलाते हैं इससे घर में सकारात्मकता बढ़ती हैं। कार्यक्रम में सभी ने चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, भजन का तालियों के साथ आनंद लिया। आए हुए अतिथियों को मां दुर्गा के चित्र व स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम में राजेंद्र गेरा, विनोद गोयल, पुरुषोत्तम नंदवानी, प्राचार्य राजेंद्र सिंह यादव, प्रोफेसर सीएल सोनी, हिमांशु पिपलानी, कमला दुआ, सत्यव्रत शास्त्री, राहुल कालड़ा, सुनीता शास्त्री आदि मौजूद थे।

35977 अभ्यर्थियों ने दूसरे दिन दी सीईटी परीक्षा, 24503 रहे अनुपस्थित

- हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग व राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा संचालित की गई ग्रुप डी की सीईटी परीक्षा

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग व राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा संचालित की जाने वाली ग्रुप डी की कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी परीक्षा) के दूसरे दिन जिलेभर के 60 सेंटरों पर दो चरणों में कुल 60 हजार 480 में से 35977 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 24 हजार 503 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के चलते शनिवार की तुलना में रविवार को जाम की स्थिति कुछ राहत भरी रही। रविवार को अवकाश के चलते भी यातायात का दबाव कुछ देखा गया। परीक्षा के लगभग शांतिपूर्ण रहने से प्रशासन व पुलिस विभाग ने भी राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग व राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा जिला में 21 अक्टूबर व 22 अक्टूबर को ग्रुप-डी की कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी परीक्षा) का आयोजन किया गया था। शनिवार को दो मामलों को छोडकर परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण रही थी, लेकिन जाम से दिनभर लोग हलकान रहे थे। रविवार को दूसरे निद परीक्षा के सुबह के सत्र में 30 हजार 240 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी। जिनमे से केवल 17 हजार 900 अभ्यर्थी ही परीक्षा देने पहुंचे। जबकि 12 हजार 340 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरे सत्र की सायंकालीन पारी में 30240 अभ्यर्थियों ने परीक्षा देनी थी। इनमे से 18077 ही परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 12163 अनुपस्थित रहे। परीक्षा को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों व नियुक्त किए गए ड्यूटी मैजिस्ट्रेट लगातार परीक्षा केंद्रों का दौरा करते नजर आए तथा उनकी नजरें दिनभर परीक्षा पर ही केंद्रीत रही। दो दिन तक चली संयुक्त पात्रता परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न पर प्रशासन ने भी राहत की सांस ली। सीईटी की परीक्षा को लेकर जाम के मामले में शनिवार की तुलना में रविवार को काफी राहत दिखाई दी। रविवार को अवकाश होने के कारण अधिकांश दुकानें व प्रतिष्ठान भी बंद रहने के चलते यातायात का दबाव कुछ कम दिखाई दिया।

दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचे दो युवक दबोचे

रेवाड़ी। किसी अन्य के स्थान पर सीईटी की परीक्षा देने पहुंचे दो युवक को पकडर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार जिले मे चल रही संयुक्त पात्रता परीक्षा के तहत गांव खंड़ोडा के स्कूल में बने परीक्षा केंद्र पर रोल नंबर 16525043 सुमित पुत्र विनोद के नाम पर जारी किया हुआ था। इस रोल नंबर के आधार पर परीक्षा देने के लिए आए युवक ने पहली बार में बायोमैट्रिक टेस्ट को पास कर परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर लिया। इसके उपरांत ऑब्जर्वर सीताराम यादव को परीक्षार्थी पर कुछ संदेह हुआ। जिसके बाद उन्होंने पुन- युवक की बायोमैट्रिक जांच कराई। जांच के दौरान उसके फिंगर प्रिंट और फोटो दोनों मैच नहीं हुए। पूछताछ करने के उपरांत युवक ने अपना नाम प्रदीप कुमार निवासी सलूदा, जिला झज्जर बताया। उसने यह भी बताया कि वह अपने दोस्त सुमित के स्थान पर परीक्षा देने के लिए आया है। इसके उपरांत केंद्र अधीक्षक ओमप्रकाश ने मौके पर पुलिस को बुलाकर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, परीक्षा में किसी और के स्थान पर परीक्षा देने के लिए पहुंचा युवक बायोमैट्रिक मशीन की जांच में फंस गया। परीक्षा केंद्र अधीक्षक की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार एक निजी स्कूल के बने परीक्षा केंद्र पर रोल नंबर 26506422 अमित कुमार के नाम पर जारी किया गया था। इस रोल नंबर पर जब बायोमैट्रिक हाजिरी लगाने के लिए युवक पहुंचा तो परीक्षा केंद्र अधीक्षक शारदा यादव ने उसे संदिग्ध मानते हुए पूछताछ शुरु की। बायोमैट्रिक हाजिरी लगाने में भी वह सफल नहीं हो पाया। आरोपी युवक की पहचान भिवानी जिले के गांव ऊण निवासी अक्षय कुमार के रूप में हुई। पूछताछ करने के उपरांत आरोपी युवक को रामपुरा थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है।

एसबीआई की मुख्य शाखा में लगी आग

- बैंक गार्ड तथा दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। स्थानीय सर्कुलर रोड़ स्थित भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में रविवार को आग लग गई। सूचना के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाडि ां भी मौके पर पहुंची। बैंक के गार्ड ने वहां लगे फायर सिस्टम तथा दमकल विभाग के कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। जिसके चलते बड़ा नुकसान होने से बच गया। शहर डीएसपी पवन कुमार भी मौके पर पहुंचे। सूचना के बाद बैंक प्रबंधक भी मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब दस बजे रेलवे चौक के निकट सर्कुलर रोड़ पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के प्रथम तल पर लगी खिड़कियों से धुआं निकलने लगा।चूंकि रविवार होने के कारण बैंक बंद था। इसलिए बैंक के गार्ड ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस तथा दमकल विभाग को दी। सूचना मिलने के तुरंत बाद फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों मौके पर पहुंची। इसी दौरान बैंक गार्ड वहां लगे फायर सिस्टम को चालू कर आग को बुझाने में जुट गया। गार्ड तथा दमकल विभाग के कर्मियों ने आग पर जल्द काबू पा लिया। जिसके चलते बड़ा नुकसान होने से बच गया।

गौरतलब है कि भारतीय स्टेट बैंक जिले के सभी बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं का कैश जमा होता है। यदि आग बढ़ जाती तो आर्थिक नुकसान ज्यादा हो सकता था।

डीएसपी पवन कुमार ने भी मौके पर पहुंच लिया जायजा

इसके उपरांत शहर थाना प्रभारी राकेश कुमार व डीएसपी सिटी पवन कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे। सूचना के बाद बैंक मैनेजर भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। आगजनी से हुए नुकसान का सही आंकलन भी नहीं लगाया जा सका है। पुलिस ने मामले में कार्रवाही शुरु कर दी है।

माता सीता को बचाने जटायु ने गवाएं प्राण

शबरी ने प्रभु श्रीराम को खिलाए बेर, दर्शक हुए भावविभोर

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। नई अनाजमंडी में श्री शिव रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला में 7वें दिन की लीला में सीता हरण, शबरी, बाली वध व प्रभु राम द्वारा हनुमान को सेना सहित सीता मां की सुधि लेने भेजने तक की लीला दिखाई गई। मंच का संचालन भूपेंद्र कुमार गुप्ता नगर पार्षद ने किया। श्री शिव रामलीला समिति के महासचिव दीपक मंगला ने बताया कि लीला का शुभारंभ नगर परिषद चेयरपर्स पूनम यादव ने किया। उन्होंने दर्शकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर उनके साथ नगर पार्षद राजेंद्र सिंघल, नगर पार्षद रमेश मोरवाल, नगर पार्षद लोकेश यादव एडवोकेट, नगर पार्षद सुरेश सैनी, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष निखिल यादव, एडवोकेट बलजीत यादव, दीपा भारद्वाज, एडवोकेट मधुसूदन शर्मा, प्रशांत यादव, नवल किशोर गुप्ता, राजेश अग्रवाल, हरकेश यादव, डा. संजय अग्रवाल, महेन्द्र गोयल, बबलू जिंदल व शिवचरण गुप्ता आदि भी मौजूद रहे। लीला में आशीष शर्मा, निशांत सोनी, नवीन लखेरा, संजीव वशिष्ठ, मोहित सैनी, मनोज गुप्ता, अशोक मुदगिल, विपिन्न अग्रवाल, दुष्यंत मुदगिल, राजेश वर्मा, भूपेन्द्र गुप्ता, नकुल, एडवोकेट यशपाल, अनिल रामपुरा, नरेन्द्र यादव, उज्जवल व मनीष ने विभिन्न अभिनय किया।

कंजक पूजन कर मनाया दुर्गा अष्टमी का पर्व

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। दुर्गा अष्टमी का पर्व जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर अनेकों महामाई के भक्तों ने कंजकों का पूजन व भोजन कराकर नवरात्र पूजन का समापन किया। पिछले नौ दिन से चले आ रहे नवरात्र पूजन का अनेक अनेक भक्तों ने कन्याओं को भोजन तथा पूजन के साथ समापन कर दिया। भक्तों ने घरों में छोले, हलवा, पूरी आदि का प्रसाद तैयार किया तथा कन्याओं को भोजन कराकर उनका पूजन किया। इसके उपरांत कन्याओं को उपहार तथा नगद धनराशि भी प्रदान की गई।

मादक पदार्थ बेचने के दो आरोपी दबोचे

रेवाड़ी। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ बेचने के अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गांव भाड़ावास चौकी पुलिस ने गांजा बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव बधराणा निवासी कर्मबीर पुत्र ईश्वर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 114 ग्राम गांजा बरामद किया है। जांचकर्ता ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली कि कर्मबीर पुत्र ईश्वर निवासी बधराणा थाना रामपुरा गांजा बेचने का काम करता है और आज बधराणा प्रागपुरा रोड पर खडा होकर गांजा बेच रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को काबू कर लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट को साथ लेकर आरोपी की तलाशी ली गई तो तलाशी में आरोपी से 114 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना रामपुरा में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उधर, भाड़ावास गेट चौकी पुलिस ने स्मैक बेचने के मामले में मौहल्ला बास सिताबराय निवासी संदीप उर्फ चुसु पुत्र नेरश के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 ग्राम 23 मिली ग्राम समैक बरामद की है। जांचकर्ता ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति नशीला पदार्थ समैक बेचने की फिराक मे सुभाष पार्क में चबुतरे के निकट खडा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को काबू कर लिया। जिसकी पहचान संदीप उर्फ चुसु के रूप में हुई। ड्यूटी मजिस्ट्रेट को साथ लेकर आरोपी की तलाशी ली गई तो आरोपी के कब्जे से 1 ग्राम 23 मिली ग्राम समैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शहर में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

शहीदों के आंगन की मिट्टी से होगा अमृत वाटिका का निर्माण : प्रीतम चौहान

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। भारतीय जनता पार्टी जिला रेवाड़ी के सभी मंडल के अध्यक्ष एवं महामंत्री की बैठक भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिले के सभी मंडलों के विभिन्न गाँव से शहीदों के आँगन की एकत्रित की गई मिट्टी के कलशों को आने वाली 31 तारीख को मंडल अध्यक्ष एवं साथ में एक पदाधिकारी दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास अमृत वाटिका के निर्माण हेतु ले जाए।

जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान ने बताया कि देश के सभी क्षेत्रों से 75 हजार कलशों में मिट्टी को भरकर दिल्ली लाया जा रहा है। देश भर से आई इस मिट्टी से दिल्ली में अमृत वाटिका तैयार होगी। उन्होंने बताया कि यह अमृत वाटिका देश के लिए अमूल्य धरोहर होगी, जिसका निर्माण नेशनल वार मेमोरियल के पास होना है। यह अमृत वाटिका एक भारत श्रेष्ठ भारत का भी बहुत ही भव्य प्रतिक बनेगी।

उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सभी बूथ पर सुना जाए और देखा जाए ऐसा सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। इस दौरान जिला महामंत्री ईश्वर चनीजा, सत्यदेव यादव, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल छावडी, जीतू चैयरमेन, राजपाल, राकेश, मनोज सैनी, अमरजीत, संजय चौहान, अभिमन्यु राव, रामेहर यादव, ओमप्रकाश, कंवर सिंह, कमल यादव, हनुमान छावड़ी, राजेश चौहान, कर्मवीर सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

साउथ अफ्रीका व इंग्लैंड के मैच पर सट्टा लगाते 6 गिरफ्तार

आरोपियों के कब्जे से 3 लैपटाप, 2 टैब, 5 मोबाईल, 2 एलईडी टीवी व 1 लाख 90 रुपये बरामद

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी दीपक सहारन के दिशा-निर्देश पर व उप पुलिस अधीक्षक संजीव बल्हारा के नेतृत्व में कार्य करते हुए अपराध शाखा-3 रेवाड़ी इंचार्ज उप निरीक्षक विनोद कुमार की टीम ने एनएच-48 स्थित गोल्डन विला में साऊथ अफ्रीका व इंग्लेंड मैच पर सट्टा लगाने के मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अनिल पुत्र आजाद सिंह, सुरेश पुत्र मेहरचन्द, राम भगत पुत्र बोदनराम, हेमन्त पुत्र मेहरचन्द, साहिल पुत्र जगदेव सिंह निवासीयान मोहल्ला माली टीबा नारनौल व आबिद पुत्र जगुरअमहद निवासी दयाल कालोनी पानीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3 लैपटाप, 2 टैब, 5 मोबाईल, 2 एलईडी टीवी व 1 लाख 90 रुपये बरामद किए है।

जांचकर्ता ने बताया कि गश्त के दौरान अपराध शाखा-3 रेवाड़ी की टीम को सूचना मिली कि दिल्ली-जयपुर हाइवे पर गोल्डन विला में अनिल पुत्र आजाद, सुरेश पुत्र मेहरचन्द, राम भगत पुत्र बोदन, हेमन्त पुत्र मेहरचन्द, साहिल पुत्र जगदेव निवासीयान नारनौल व अनिल का साथी आबिद निवासी पानीपत, विश्व कप के तहत चल रहे साउथ अफ्रीका व इंग्लैंड के क्रिकेट मैच पर सट्टा लगा रहे है। सूचना पर तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंचकर सभी छह आरोपियों काबू कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3 लैपटॉप, 2 टैब 5 मोबाईल, 2 एलईडी टीवी व 1 लाख 90 रुपये बरामद किए है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना धारुहेड़ा में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

अभियान पुलिस ने नाइट डोमिनेशन अभियान चलाकर की वाहनों की चैकिंग

1614 वाहनों की जांच कर 32 के काटे चालान

- अपराधिक गतिविधियों में लिप्त अनेकों आरोपियों को किया गिरफ्तार

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। जिला पुलिस द्वारा एसपी दीपक सहारन के नेतृत्व में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए बीती रात्रि नाईट डोमिनेशन अभियान चलाया गया। जिसमें जिला पुलिस द्वारा चैकिंग पार्टियों और नाकाबंदी द्वारा विभिन्न स्थानों पर चैकिंग की गई। पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों और नाकाबंदी पर आने जाने वाले वाहनों को गहनता से चेक किया गया। पुलिस अधीक्षक ने नाईट डोमिनेशन के दौरान स्वयं जिला रेवाड़ी की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मेहनत, ईमानदारी और पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए निर्देश दिए। पुलिस द्वारा रात दस से सुबह 4 बजे तक कुल 90 सार्वजनिक स्थानों को चेक किया गया तथा 61 व्यक्तियों के पर्चा अजनबी भरे गए हैं। चेकिंग के दौरान 1614 वाहनों की जांच की गई। इनमें से 32 वाहनों के चालान काटे गए। 8 मामलो में एफआईआर दर्ज की गई।इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा की नाईट डोमिनेशन अभियान का उद्देश्य रात में आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाना तथा आपराधिक तत्वों के अंदर कानून का भय पैदा करते हुए आमजन को सुरक्षित रखना है। नाईट डोमिनेशन करने पर आपराधिक और असामाजिक तत्वों में इस बात का भय भी बनता है की वह कोई गलत काम न करें।

शराब पीकर हुड़दंग करने वाले 6 दबोचे

थाना जाटूसाना पुलिस ने सार्वजनिक जगह पर शराब पीकर हुड़दंगबाजी करने के मामले में गांव बेरली खुर्द निवासी प्रीतम पुत्र रामसिंह व करण सिंह पुत्र दलीप सिंह को गिरफ्तार किया है। थाना सेक्टर-6 पुलिस ने सार्वजनिक जगह पर शराब पीकर हुड़दंग करने वाले जिला फतेहाबाद गांव भुत्थन खुर्द निवासी साहिल पुत्र हनुमान, राजस्थान जिला हनुमानगढ़ गांव सागडा निवासी राहुल पुत्र विनोद कुमार, जिला फतेहाबाद के गांव ठरवा निवासी अशोक पुत्र रामकुवांर व राजस्थान के जिला झुंझुनू के गांव गोपालगढ निवासी अजीत पुत्र रोहतास को गिरफ्तार किया है।

सट्टा लगाने के अलग-अलग मामलों में 5 गिरफ्तार

जगन गेट चौकी पुलिस ने सट्टा खाई वाली करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला छीप्पटवाड़ा निवासी नरेश उर्फ नरेन्द्र के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सट्टा पर्चा व 5700 रुपये बरामद किए है। थाना कोसली पुलिस ने सट्टा खाईवाली करते कोसली निवासी मनीष उर्फ साहिल पुत्र अजीत सिंह को काबू किया है। आरोपी के कब्जे से सट्टा पर्चा व 3150 रुपये बरामद किए है। थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा पुलिस ने सट्टा खाई वाली करने वाले यूपी के जिला मैनपुरी हाल किरायेदार नारायण विहार आकेडा निवासी रोहित कुमार पुत्र पुरुषोतम दास के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सट्टा पर्चा व 1650 रुपये बरामद किए है। थाना सदर पुलिस ने सट्टा खाई वाली करते गांव बिकानेर निवासी मोहन लाल पुत्र रुपराम को काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1060 रुपये बरामद किए है। थाना रामपुरा पुलिस ने सट्टा खाई वाली करने के आरोपी मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी जितेन्द्र उर्फ मटिंड पुत्र चन्द्रपाल को काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सट्टा पर्चा व 22260 रुपये बरामद किए है।

आर्य समाज लुहाना के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के समापन पर मेधावियों को किया सम्मानित

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। जिले के गांव लुहाना में चल रहा आर्य समाज का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव आज हवन-यज्ञ, विचार गोष्ठी, भजन उपदेश, प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान पक्ष के साथ संपन्न हो गया। पंचायत समिति डहीना के चेयरमैन कर्णपाल खोला के मुख्य आतिथ्य में यज्ञ पुरोहित की भूमिका निभाने वाले योगेश भारद्वाज ने पंच-यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डाला।

मुख्य वक्ता के तौर पर बहादुर सिंह शास्त्री ने ऋषि शिक्षाओं को रेखांकित करते हुए आर्य समाज पर प्रकाश डाला। ज्वालापुर (हरिद्वार) से पधारी कुमारी निकिता ने महर्षि दयानंद पर व्याख्यान व भजन, महाशय धर्मपाल द्वारा आर्य समाज के नियमों पर चर्चा, महाशय मीरसिंह द्वारा 33 कोटि देवी देवताओं पर विमर्श, योगेश भारद्वाज द्वारा वेदों, विज्ञान व संसार की उत्पत्ति पर व्याख्यान बेहद प्रभावी रहा।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

जिसमें गांव के प्रतिभाशाली युवक लेफ्टिनेंट सचिन व डा. दिव्या को उनकी विशिष्ट उपलब्धियां के लिए पुरस्कृत किया गया तथा आर्य समाज लुहाना को टीन शेड प्रदान करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता मदन सिंह को इस योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने नवनिर्मित टीन शेड का उद्घाटन भी किया।

आयोजन समिति की ओर से सामाजिक कार्यकर्ता यशपाल आर्य ने इस दो दिवसीय महोत्सव में पधारे सभी विद्वानों, भजनोपदेशकों तथा कार्यकर्ताओं का आभार ज्ञापित किया।

23 page 6_02.qxd 10/22/2023 9:43 PM Page 1

खबर फटाफट

वकील को मिली जान से मारने की धमकी, जांच शुरू

हिसार : एक वकील को पुलिस इंस्पेक्टर व एक बदमाश ने जान से मारने की धमकी दी गई है। आरोप है कि वकील ने जेई शिव कुमार व इकोनॉमिक सेल के इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते हुए पकड़वाया था। उसे फोन पर धमकी देते हुए बदमाश ने कहा कि तुम्हारे नाम की सुपारी ली हुई है। भ्रष्टाचार का मामला वापस लेने के लिए उसे धमकी दी है। सिविल लाइन थाने में पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। हिसार कोर्ट के वकील सुनील कुमार खरब ने पुलिस को बताया कि उसने शिव कुमार जेई व उमेद सिंह इंस्पेक्टर के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज करवाया हुआ है। अब वे मामला वापस लेने के लिए उस पर दबाव बना रहे हैं। इस केस में वह खुद शिकायतकर्ता व गवाह है। एडवोकेट सुनील ने बताया कि इंस्पेक्टर उमेद सिंह के खिलाफ हांसी के डीएसपी द्वारा जांच की जा रही है।

किसानों ने जाम की सर्विस रोड

करनाल : नई अनाज मंडी में प्रवेश का गेट पास न मिलने से नाराज किसानों ने उसके सामने सर्विस रोड पर जाम लगा दिया। उन्होंने सरकार के खिलाफ भी नारेबाजी की। किसानों का कहना है कि सरकार सिर्फ किसानों को परेशान करने का काम कर रही है। प्रशासन द्वारा किसानों को बिना बताए मंडी को बंद कर दिया गया, लेकिन जिन किसानों की कल से धान ट्रॉलियों में पड़ी है, वह इसे लेकर अब कहां जाए। सड़क जाम करके बैठे किसानों ने कहा कि यूपी और बिहार के किसान अपनी धान मंडी में लेकर आना चाहते है, लेकिन हरियाणा के बॉर्डरों पर ही उन्हें रोका हुआ है। बीकेयू के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने कहा कि अधिकारी पीएम की बात नहीं मानते। पीएम कहते हैं किसान अपना माल कहीं भी बेच सकता है जबकि प्रशासन परेशान कर रहा है। जब तक गेट पास नही काटेंगे, किसान सड़क पर ही बैठे रहेंगे।

ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज गेम्स में यशोदा ने जीते रजत व कांस्य पदक

जींद : ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज गेम्स में जींद के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल की पीजीटी शिक्षिका टीचर यशोदा ने रजत और कांस्य जीता है। प्रतियोगिता के बाद जींद लौटने पर टीचर यशोदा का जोरदार स्वागत किया गया। प्रतियागिता का आयोजन नई दिल्ली में किया गया था। इस प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 20 अक्टूबर तक किया गया। इसमें देश भर से 500 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया था। हरियाणा से भी छह प्रतिभागी गए थे। इनमें जींद से यशोदा गई थीं। यशोदा ने अंडर-40 आयु वर्ग के योगा के तीन इवेंट में भाग लिया। यशोदा की जीत पर परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है। लगातार लोग उसे बधाई देने आ रहे हैं।

पूर्व सरपंच के बेटे की निर्मम हत्या

भिवानी: सिवानी उप मंडल के गांव गरवा में चुनावी रंजिश में बीती रात पूर्व सरपंच के बेटे की तेजधार हथियार और लाठी-डंडों से वार कर निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई। परिवार वालों ने उसकी जान बचाने का प्रयास किया, इलाज के लिए हिसार अस्पताल में लेकर गए,लेकिन उसने रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज करके हिसार में उसके शव का पोस्टमॉर्टम कराया। बताया गया कि पूर्व सरपंच का बेटा विक्रम अपनी कार में खेत में पानी लगाने के लिए गया था। आधी रात को परिवार वालों को सूचना मिली कि रास्ते में उसकी गाड़ी खड़ी है। जब वे मौके पर पहुंचे तो देखा विक्रम गंभीर रूप से घायल था। परिजनों के अनुसार वर्ष 2019 में विधानसभा चुनाव के दौरान उसके भाई का कुछ युवकों से झगड़ा हुआ था। लड़ाई झगड़े के मुकदमे में विक्रम गवाह था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

किसान मांगों के समर्थन में 26 नवंबर को चंडीगढ़ जाएंगे

रोहतक : अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी की बैठक तय किया गया कि फसल खराबे के रुके हुए मुआवजे समेत अन्य मांगों पर चर्चा करके आंदोलन किया जाएगा। खाद के साथ नैनो, दवाई बीज देने पर आपत्ति जताई गई और प्रशासन से किसानों से लूट बंद करने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता प्रधान प्रीत सिंह ने की इस मौके पर पत्रकारों को गिरफ्तार करने और देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने के खिलाफ 1 से 5 नवंबर को गांवों में अभियान चलाने का निर्णय लिया। अगले दिन यानि 6 नवंबर को सभी जगह की एफआईआर की प्रतियां जलाई जाएगी। बैठक में ऐलान किया गया कि 26 नवंबर को किसान चंडीगढ़ पहुंचकर अपनी मांगों के समर्थन में 72 घंटे के लिए धरना देंगे।

बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, 8 मोटरसाइकिलें बरामद

सोनीपत : एंटी ब्रगलरी स्टाफ की टीम ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफ़ाश करते हुए दो नाबालिगों समेत 3 को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की 8 बाइक बरामद की गई हैं।दोनों नाबालिगों को अंबाला के सुधार गृह भेजा गया है। बताया गया कि बताया कि गत 15 अक्टूबर को मोहन नगर के नीरज ने थाना गन्नौर में शिकायत दी थी कि उसने अपनी मोटरसाइकिल पुरानी सब्जी मंडी गन्नौर में अपनी दुकान के सामने खड़ी की थी। वह शाम को वहां नहीं थी। इस पर पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी।एंटी ब्रग्लरी स्टाफ सोनीपत के एएसआई राजेश ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी तुषार उर्फ रितिक को गिरफ्तार किया। उसे कोर्ट में पेश करके एक दिन के रिमांड पर लिया गया। फिर गिरोह के दो अपचारी बालकों को भी पकड़ लियागया। इनके कब्जे से पुलिस ने तीनों से चोरी की कुल 8 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

किन्नर समाज ने 121 कन्याओं को खिलाया भोजन

पानीपत : दुर्गा अष्टमी पर किन्नर समाज ने सराहनीय पहल करते हुए समाज सेविका हाजी साधना के नेतृत्व में नूरवाला स्थित उनके आवास पर कंजकों का पूजन कर उन्हें भोजन करवाया गया। इसकी कई लोगों ने सराहना की है। उन्होंने इसे एक मिसाल बताया।

बस चालक का अजीब रहा रवैया, बच्चों से तेल डलवाने को कहने लगा

अड़ गया कि तेल डलवा दोगे तभी वह बस को चला पाएगा, इसका वीडियो भी वायरल हुआ

भरोसा मित्र

रोहतक। भिवानी से रोहतक आ रही प्राइवेट बस में बवाल हो गया। बस सीईटी का पेपर देने वालों के लिए निःशुल्क थी, लेकिन बस स्टैंड से आगे आते ही ड्राइवर बोला- इसमें तेल डलवाएंगे तो ही बस चलेगी। इसको लेकर परीक्षार्थियों,जिनमें लड़कियां भी थी और ड्राइवर के बीच जमकर बहसबाजी हुई। छात्राओं ने भी बस स्टैंड से बाहर उतरने से मना कर दिया। इसका एक वीडियो भी वायरल हुआ है।

जानकारी अनुसार सहकारी बस भिवानी बस स्टैंड से सीईटी एग्जाम को लेकर बच्चों को लेकर रोहतक के लिए चली थी। वायरल वीडियो में प्राइवेट बस वाले ने बस स्टैंड से चलने के कुछ दूरी के बाद ही बस को रोक दिया। इसके चलते महिला परीक्षार्थी व बच्चे आदि बस चलाने या वापस भिवानी बस स्टैंड पर लेकर जाने की बात कह रहे हैं। जबकि प्राइवेट बस का ड्राइवर सवारियों से कह रहा है कि इस बस में तेल डलवा दें, वह बस को चला लेगा। इसको लेकर काफी समय तक हंगामा होता रहा और सवारियों ने बस चलाने की गुहार लगाई।

सरकार द्वारा सीईटी ग्रुप की परीक्षा शनिवार व रविवार को आयोजित की गई थी। इन परीक्षार्थियों के लिए सरकार द्वारा निःशुल्क सफर की सौगात देते हुए स्पेशल चलाई गई थी।

सरकार ने रोडवेज ही नहीं प्राइवेट बसों को भी परीक्षा केंद्रों तक बच्चे ले जाने की ड्यूटी लगाई थी। वहीं रोहतक की काफी महिलाओं का पेपर भिवानी में बनाए गए परीक्षा केंद्र में थे। शनिवार रात को परीक्षा से लौट रही परीक्षार्थियों से प्राइवेट बस चालक ने पैसों को लेकर विवाद कर लिया और बीच रास्ते में ही बस रोक दी। इससे बच्चें के अलावा अन्यसवारियों को भी दिक्कत हुई।

इसके लिए राज्य सरकार दे रही विशेष प्रोत्साहन राशि

फसल विविधीकरण है प्रदेश के किसान का भविष्य : मनोहर लाल

सरकार का वर्ष 2023-24 में 42480 करोड़ लीटर पानी की बचत का लक्ष्य

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि परंपरागत फसलों की खेती करने की बजाय आज किसानों को आधुनिक फसलों की खेती करने की आवश्यकता है। इससे उनकी आय में वृद्धि तो होगी ही साथ ही पर्यावरण का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा।

यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि फसल विविधीकरण ही किसान का भविष्य है। इसी दिशा में प्रदेश सरकार ने एक नई पहल करते हुए अपनी तरह की अनूठी मेरा पानी-मेरी विरासत योजना शुरू की गई है। इसके तहत फसल विविधिकरण करते हुए जल संरक्षण सुनिश्चित करना मुख्य उद्देश्य है। यह योजना आज बेहद कारगर सिद्ध हो रही है और इसकी सफलता को देखते हुए वर्ष 2023-24 में 42480 करोड़ लीटर पानी की बचत का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि खरीफ 2023 में पूर्व वर्ष की वैकल्पिक फसलों को इस वर्ष में भी शामिल किया गया है तथा

इस योजना में कुल 1.20 लाख एकड़ का फसल विविधिकरण के तहत लक्ष्य रखा गया है। इस पर लगभग 84 करोड़ रुपये के अनुदान राशि खर्च होने की सम्भावना है। इस योजना में लगभग कुल 42480 करोड़ लीटर पानी की बचत का लक्ष्य है। 31 जुलाई, 2023 तक कुल 32150 किसानों ने अपनी 70170 एकड़ फसल का इस योजना के तहत पंजीकरण करवाया है।

उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार ने धान की सीधी बिजाई की योजना भी शुरू की है। इसके तहत राज्य के 12 जिलों अम्बाला, यमुनानगर, करनाल, कुरूक्षेत्र, कैथल, पानीपत, जींद, सोनीपत, फतेहाबाद, सिरसा, हिसार तथा रोहतक में धान की सीधी बिजाई (डी.एस.आर) को बढावा देने के लिए प्रदर्शन प्लांट लगाने वाले सत्यापित किसानों को 4,000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। वर्ष 2022-23 में 72900 एकड़ का भौतिक सत्यापन किया गया। इसके अंतर्गत 29.16 करोड़ रुपये किसानों को आबंटित किये गए हैं।

इसके अलावा, खरीफ 2023 के लिए 2 लाख एकड़ का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश का किसान परम्परागत खेती को छोड़कर प्राकृतिक व फसल विविधीकरण को बड़े पैमाने पर अपना रहा है। इससे किसानों की कम लागत में अधिक आय और बेहतर मूल्य मिलना सुनिश्चित हुआ है। जिससे किसान की आर्थिक हालत में गुणात्मक सुधार हो रहा है।

7000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि खरीफ-2020 से आरंभ हुई मेरा पानी-मेरी विरासत योजना के तहत सरकार द्वारा धान की फसल को वैकल्पिक फसलों जैसे मक्का, कपास, बाजरा, दलहन, सब्जियां व फल द्वारा विविधिकरण करने के लिए किसानों को 7000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। खरीफ वर्ष 2020 में 41,947 किसानों ने कुल 63,743 एकड़ क्षेत्र में फसल विविधिकरण को अपनाया गया तथा इसके लिये 45 करोड़ रुपये का अनुदान प्रदान किया गया। इससे लगभग कुल 22565 करोड़ लीटर पानी की बचत की गई।

प्राकृतिक खेती को फायदे का सौदा बताया

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि मृदा स्वास्थ्य को गिरावट से बचाने और खतरनाक कीटनाशकों के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने प्राकृतिक खेती योजना लागू की है। वर्ष 2023-24 में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए 20,000 एकड़ (16000 एकड़ कृषि और 4000 एकड़ बागवानी) का लक्ष्य रखा गया है। सरकार ने एक समर्पित प्राकृतिक खेती पोर्टल शुरू किया है और अब तक 9169 किसानों ने पंजीकरण करते हुए प्राकृतिक खेती में अपनी रुचि दिखाई है। इस योजना के अंतर्गत किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए 3000 रुपये 4 ड्रम खरीदने पर, देसी गाय की खरीद के लिए 25000 रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी तथा प्राकृतिक खेती उत्पाद की ब्रांडिग व पैकेजिंग पर प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान किया है।

अग्रोहा के लिए मास्टर प्लान बनाए सरकार : गर्ग

अग्रोहा विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सरकार की कमियां को गिनाया

भरोसा मित्र

रोहतक। अग्रोहा विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग ने अग्रोहा के विकास को लेकर सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि अग्रोहा का विकास करने के लिए सरकार को कदम उठाने चाहिए। लेकिन सरकार द्वारा सुविधाएं नहीं दी जा रहे हैं। गर्ग ने मांग की कि अग्रोहा के विकास को लेकर सरकार द्वारा मास्टर प्लान बनाना चाहिए। वे भी सरकार की पूर्ण रूप से मदद करने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि अग्रोहा में रेल व बस की बेहतर सेवाएं दी जानी चाहिए। अग्रोहा में रेल सुविधा की घोषणा मात्र हुई, लेकिन अभी तक रेलवे लाइन बनना तो दूर की बात उसका सर्वे का काम अभी तक शुरू नहीं हो पाया। इसकी घोषणा हुए साल से ऊपर का समय हो चुका है। वहीं अग्रोहा का बस स्टैंड बने चार साल पहले की गई थी, न ही बस अड्डा चालू किया गया है।

अग्रोहा के विकास का दावा किया

अग्रोहा विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग ने दावा किया कि सरकार मूलभूत सुविधाएं दे तो वे अग्रोहा को व्यापार का हब बनाकर विकास करवाने की जिम्मेदारी लेंगे। साथ ही उन्होंने अग्रोहा टिले की खुदाई करने की मांग की।

इस मौके पर उन्होंने 29 अक्टूबर को आयोजित होने वाले विशाल अग्रोहा मेले एवं महाकुंभ के लिए निमंत्रण दिया।

हमारे दम पर चले सरकार

गर्ग ने कहा कि खजाना हम भरते हैं और हमारे दम पर सरकार चलती है। वह चाहे केंद्र की हो या राज्य की। लेकिन अफसोस की बात है कि वह हमारे समाज की उपेक्षा करती है।

कैंसर अस्पताल हम चला सकते हैं

गर्ग ने कहा कि अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में प्रतिदिन 3 हजार से अधिक मरीजों की ओपीडी हैं। सरकार ने सिर्फ कैंसर अस्पताल की घोषणा की थी। इस पर 120 करोड़ की लागत लगनी थी। इसमें सरकार का अंश 60 करोड़ और इतना ही ट्रस्ट का तय हुआ था। सरकार ने आज तक इसे बनाने की अनुमति नहीं दी है। उन्होंने दावा किया कि ट्रस्ट व समाज अकेले ही पूर्ण खर्च वहन कर सकता है, यदि सरकार अनुमति दे तो।

सड़क हादसे रोकने के लिए पुलिस लेगी चेन्नई के आईआईटी का सहयोग

डीजीपी की अध्यक्षता में डायल 112 के अधिकारियों की हुई बैठक

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस अब भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान चेन्नई के सहयोग से सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए एक परिवर्तनकारी पहल करने जा रही है। इस योजना को लेकर पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर की अध्यक्षता में डायल 112 के कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

कपूर ने कहा कि जिन स्थानों पर सड़क दुर्घटनाएं अधिक होती है जिन्हें ब्लैक स्पॉट कहा जाता है, उनके कारणों का पता लगाते हुए संबंधित विभागों के साथ तालमेल स्थापित करते हुए सुधार की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

सड़क दुर्घटना के उपरांत सबसे ज्यादा जरूरी है कि दुर्घटनाग्रस्त घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर अर्थात जिस अवधि के दौरान उपचार मिलना जरूरी है, अस्पताल पहुंचाया जाए। इतना ही नहीं, अस्पतालों की भी परफॉर्मेंस के हिसाब से रेटिंग की जाएगी। जिस अस्पताल में घायल व्यक्ति का सर्वाइवल रेट जितना अधिक होगा अस्पताल को उतनी ही अच्छी रेटिंग दी जाएगी और जहां पर घायल व्यक्ति की मृत्यु का आंकड़ा अधिक होगा उसकी रेटिंग कम होगी। इस सारी प्रक्रिया को मोबाइल ऐप संजया से कनेक्ट किया जाएगा। इस मोबाइल ऐप पर जिला की बड़ी सड़कों, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग तथा अन्य जिला की सड़कों के मैप को जोड़ा जाएगा।

पानीपत में संदिग्ध हालात में सीए लापता

पत्नी ने महिला वकील पर लगाया का आरोप

रेप केस की धमकी देकर मांगे एक करोड़

भरोसा मित्र

पानीपत। जिले के इसराना उपमंडल में एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। उसकी पत्नी ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस को दी है। अपनी शिकायत में उसकी पत्नी ने बताया कि उसका पति को एक महिला वकील ब्लैकमेल कर रही थी। वह उसकी वसूली से परेशान था। उसके अनुसार महिला वकील, सीए की पड़ोसी है। इसी नाते दोनों के बीच बातचीत होती थी। धीरे-धीरे दोनों ज्यादा समय एक-दूसरे के साथ बिताने लगे। इसके बाद मौके का फायदा उठाते हुए महिला वकील ने सीए को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया । इसके बाद उसके पति का पता नहीं चला।

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वह मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में अभी महिला वकील से पूछताछ नहीं की गई थी।

नेशनल गेम्स में हरियाणा का शानदार आगाज

नेटबाल की महिला व पुरुष टीमों ने जीते मैच

हरियाणा ओलंपिक संघ व नेटबाल संगठन के पदाधिकारियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी

भरोसा मित्र

गोवा/ चंडीगढ़। गोवा में 37वें नेशनल गेम्स में हरियाणा ने जीत के साथ शानदार शुरुआत की है।

हरियाणा की नेटबाल की महिला व पुरुष टीम ने पहले दिन अपने दोनों मैच जीत कर प्रदेशवासियों को जीत का तोहफा दिया है।

गोवा में आयोजित नेशनल गेम्स में अपने पहले मैच में पुरुषों की टीम ने महाराष्ट्र को 63-48 के अंतर से हराया। इसके साथ ही महिला नेटबॉल टीम ने मुकाबले के पहले मैच में हरियाणा ने हिमाचल प्रदेश की टीम को 44-37 के अंतर से हराकर जीत हासिल की।

नेटबॉल की दोनों टीम की जीत पर सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए हरियाणा ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष व हरियाणा दल के इंचार्ज मनीष कुमार ग्रोवर और नेटबॉल संगठन के हरियाणा अध्यक्ष हरिओम कौशिक ने सभी खिलाड़ियों को ढेर सारी बधाई शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दोनों टीमों के खिलाड़ियों की दिन-रात को की गई मेहनत का ही यह परिणाम है।

इस मौके पर दोनों पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि दोनों टीमें सभी मुकाबलों में भी जीत हासिल करके साल 2022 की तरह गोल्ड मेडल जीतने का काम करेंगी।

राजकुमार सैनी ने की एचसीएस परीक्षा परिणाम रद्द करने की मांग

भरोसा मित्र

पानीपत। लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद राजकुमार सैनी ने आरोप लगाया है कि हाल में एचसीएस की परीक्षा के घोषित किए गए परिणाम में 61 में से 51 सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी भर्ती किए गए हैं। शेष10 सीटों पर ओबीसी और एससी समाज के अभ्यर्थियों का चुनाव हुआ है। जबकि समाज में इनकी 11फीसदी हिस्सेदारी है, इस परिणाम से साफ होता है कि ये हिस्सेदारी अब छह फीसदी बची है। उन्होंने एचचसीएस की गई भर्ती को रद्द करने की मांग की है। सैनी रविवार को एक धर्मशाला में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी व भारतीय कमेरा वर्ग पार्टी ने अपनी मांगों को लेकर हरियाणा सीएम मनोहर लाल व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। इसके बाद सभी लोगों ने मिलकर सीएम-पीएम के पुतलों की शव यात्रा निकाली। सनौली रोड से संजय चौक और फिर जीटी रोड से लाल बत्ती चौक पहुंचे। यहां शहरी विधायक प्रमोद विज के कार्यालय के सामने पुल के नीचे उन्होंने दोनों पुतलों को फूंका। सैनी ने कहा कि ओबीसी और एससी समाज के साथ किए जा रहे भेदभाव के खिलाफ यह प्रदर्शन किया गया है।

सरकार के समक्ष रखी अपनी मांगें

उन्होंने कहा कि ओबीसी व एससी की महिलाओं को आरक्षण में शामिल किया जाए, हरियाणा में जातिगत गणना की जाए, जो हाल ही में एचसीएस की भर्ती हुई है से रद्द किया जाए। पूर्व सांसद ने कहा कि चुनाव में वह अपनी पार्टी से सभी 10 सीटों पर लोकसभा और 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव मैदान में उतरेंगे।

अमेरिकी नागरिक से 10 करोड़ की साइबर ठगी को दिया अंजाम

भरोसा मित्र

यमुनानगर। क्रिप्टोकरेंसी के जरिए भारत से अमेरिका के एक नागरिक से में साइबर ठगी की गइ।

जानकारी के अनुसार पैक्सफुल अकाउंट के जरिए बिटक्वाइन के माध्यम से लगभग 10 करोड़ रुपये की ठगी की गई है। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने इस केस की तफ्तीश करते हुए पंजाब के मोहाली के सैंडवुड्स ब्लाक निवासी विक्रमजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी को पांच दिन के रिमांड पर लिया गया है। एएसपी हिमाद्री कौशिक ने बताया कि अभी इस केस की तफ्तीश चल रही है। यह बड़ा गिरोह है। अभी अधिक जानकारी नहीं दी जा सकती। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका के फ्लोरिडा निवासी मेरले लीज कोरेज्वा अमेरिकी सेना से सेवानिवृत्त है। सितंबर 2022 में उनके पास कॉल आया। जिससे बातचीत में उसे ऐसा लगा कि वह बैंक से बोल रहा है।कॉल करने वाले ने कहा कि किसी ने पेपल साफ्टवेयर के माध्यम से उसके खाते का प्रयोग किया है और 499 डॉलर की धोखाधड़ी की है। बातों में उलझाकर बैंक संबंधी डिटेल ली और उसके बिटक्वाइन खाते को हैक कर लिया।

पहल — पंचायत ने सामाजिक बुराइयां समाप्त करने के लिए कसी कमर

मृत्युभोज, नशाखोरी और डीजे बजाने पर लगाया प्रतिबंध

नशा बेचने और चोरी करने वालों कोई नहीं कराएगा उसकी जमानत

भरोसा मित्र

फतेहाबाद। जिले के दो गांवों की पंचायतों ने मृत्युभोज, नशाखोरी, डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया है। जो इन नियमों की अवहेलना करेगा उसे दोनों गांवों की पंचायत द्वारा दंडित दिया जाएगा।

यह फैसला रविवार को समैण गांव में बुलाई गई पंचायत में लिया गया। बताया गया कि समैण और नांगली गांव में जब किसी के घर मृत्यु होगी तो मृत्युभोज नहीं दिया जाएगा। गांव में नशा बेचने, अवैध रूप से शराब बेचने पर प्रतिबंध रहेगा। अगर कोई भी अवैध रूप से नशे का व्यापार करते पाया गया तो उसे अर्थ दंड देना होगा। ऐसे लोगों की कोई जमानत नहीं करवाएगा।

डीजे का समय निर्धारित

इस पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। इसमें राहत यह रहेगी कि विवाह जैसे समारोह में रात को 8 से 11 बजे तक डीजे बजाने की अनुमति मिलेगी। पंचायत में 31 सदस्यीय कमेटी के गठन किया जाएगा।

पंचायत में फैसला किया गया कि यदि कोई नशा बेचने वाले की जमानत करवाता है तो उस पर भी 2100 रुपए का अर्थ दंड लगाया जाएगा। गांव का कोई व्यक्ति चोरी करते पकड़ा गया तो उसकी भी जमानत नहीं देने का फैसला लिया गया।

गांव में ट्रैक्टरों पर तेज आवाज में गाने बजाने, डीजे कोई नहीं बजाएगा। पंचायत ने सर्वसम्मति से यह कमेटी जो इन दोनों गांवों में बने सामुदायिक केंद्रों और स्कूल की व्यवस्था पर नजर रखेगी। दोनों गांवों की आज पंचायत में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। सबने इन फैसलों का समर्थन किया।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।

खबर फटाफट

कार्यकरी अभियन्ता ने बिजली पैंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों से की मीटिंग

फरीदाबाद। हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला फरीदाबाद के मांग पत्र के मद्देनजर दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड ओल्ड फरीदाबाद के कार्यकरी अभियन्ता द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में बिजली पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान के बारे विचार विमर्श किया गया। एसोसिएशन की तरफ से पेंशनर्स, फैमिली पेंशनर्स का डाटा कैशलैस मैडिकल फैसिलिटी के लिए सिस्टम में अपलोड करने, डिवीजन के पेंशनर्स को पहचान पत्र जारी करने, 1 जनवरी 2016 से पेंशन रिवाइज करने, 15 साल के तुरंत बाद 40 प्रतिशत पेंशन को रिस्टोर करने व मेडिकल बिलों का भुगतान जल्द करने की मांग की गई। पेनशनर्स को वर्ष 2020 से 2023 के ब्लॉक ईयर की एल टी सी का भुगतान करने तथा पारिवरिक पेंशन को हेड ऑफिस हिसार की नीति के अनुसार सरल बनाने व बिजली पेंशनर्स, फैमिली पेंशनर्स को जीवन प्रमाण पत्र देने में सहयोग करने बारे भी बातचीत की गई। प्रशासन की तरफ से कार्यकारी अभियन्ता जितेंद्र सिंह ढुल, डेप्युटी सुप्रिटेंडेंट राजेश कुमार व एसोसिएशन की तरफ से जिला प्रधान देवी दयाल दिसोदिया, सचिव बी एस भंडारी, केंद्रीय परिषद की तरफ से बीर सिंह, संयुक्त सचिव सुभाष चंद त्यागी, राम निवास व सुभाष चंद्र शर्मा उपस्थित थे। मीटिग में प्रशासन द्वारा सभी मांगों पर सहयोग के साथ सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया गया।

हथियार सप्लाई करने वाला काबू

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह व उनकी टीम ने अवैध हथियार के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में संजय कुमार तथा मनीष का नाम शामिल है जो फरीदाबाद की भारत कॉलोनी के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी संजय को देसी कट्टे सहित भुपानी अपनी एरिया से गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ थाने में अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की गई जिसमें सामने आया कि आरोपी दोस्तों में अपनी धाक जमाने के लिए शोकिया तौर पर देसी कट्टा आरोपी मनीष से 5000 में लिया था। आरोपी द्वारा दी गई सूचना के आधार पर आरोपी मनीष को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

माता भगवती के जागरण में नेताओं ने लगाई हाजिरी

फरीदाबाद। नवरात्रों के शुभ अवसर पर सैक्टर-7-10 मार्किट में 38 वां मां भगवती के विशाल जागरण का आयोजन किया गया। यह जागरण मार्किट में खुश, समृद्धि व खुशहाली के लिए प्रधान वासुदेव अरोड़ा की अध्यक्षता में प्रत्येक वर्ष सम्पन्न होता आ रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनट मंत्री मूलचन्द शर्मा, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव बलजीत कौशिक, वरिष्ठ कांग्रेस नेता लखन सिंगला, भाजपा नेता वजीर डागर, मुकेश शर्मा, कुं. बालू सिंह एडवोकेट, ललित गोसाई व हरीश चन्द्र आजाद ने मां भगवती के जागरण की ज्योति प्रज्वलित की। प्रधान वासुदेव अरोड़ा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष मार्किट कमेटी माता रानी का जागरण करवाती है। सभी दुकानदारों को मानना है कि माता रानी के गुणगान से मार्किट सुख-शान्ति से चलती है। उन्होंने कहा कि माता रानी के विशाल जागरण के लिये कमेटी सदस्य किशन मोंगा, अवतार मित्तल, गिर्राज तंवर, नरेश भटेजा, पवन अरोड़ा, ब्रिजेश कुमार, वेद अरोड़ा, जगदीश वर्मा आदि करीब दो माह तैयारियां करते हैं। नवरात्रों के शुभ अवसर पर मां का विशाल जागरण बहुत श्रद्धा से करवाया जाता है। इस मौके पर हरीश गोरा, श्रवण चावला, यशपाल भल्ला, बावा, अशोक भाटिया, सुरेश कौशिक, तेजिन्द्र खरबंदा, सतीश नागपाल, नरेश सिंगला, संजीव चितकारा, संजय मिडा, सतीश वधवा, त्रिलोक गुलयानी व रविन्द्र भयाना आदि को सम्मानित किया गया।

युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने की जिला युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी का गठन

युवाओं को बेरोजगारी के दलदल में धकेल रही भाजपा सरकार: दिव्यांशु बुद्धिराजा

युवा जोड़ो-हरियाणा जोड़ो अभियान की शुरुआत की

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कहा है कि युवा जोड़ो-हरियाणा जोड़ो कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि प्रदेश युवा कांग्रेस आने वाले दिनों में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रयासरत युवाओं को एक साथ संगठित करके उनसे जुड़े विभिन्न मुद्दों को सरकार के समक्ष प्रखरता से उठाने का कार्य करेगी। यह एक ऐसा अनोखा कार्यक्रम होगा जिसके माध्यम से हर वर्ग का युवा एक मंच पर आएगा और अपनी समस्या व अधिकारों की आवाज को दृढ़ता से सरकार के समक्ष रखेगा। श्री बुद्धिराजा रविवार को अग्रवाल धर्मशाला ओल्ड फरीदाबाद में जिला युवा कांग्रेस फरीदाबाद के अध्यक्ष नितिन सिंगला द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में दिव्यांशु बुद्धिराजा के अलावा मुख्यातिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व हरियाणा प्रभारी प्रदीप सूर्या, राष्ट्रीय सचिव युवा कांग्रेस व हरियाणा सहप्रभारी अरूणा महाजन भी मौजूद रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष किशन राव, प्रदेश महासचिव व जिला प्रभारी अंशु भारद्वाज, कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष गुडगांव शहरी, प्रदीप, एडवोकेट राजेश खटाना, एडवोकेट विकास वर्मा व अन्य हरियाणा युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने युवा कांग्रेस द्वारा युवा जोड़ो-हरियाणा जोड़ो अभियान की शुरुआत की व जिला कार्यकारिणी का भी गठन किया। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर युवा जिला कांग्रेस अध्यक्ष नितिन सिंगला के संयोजन में दिव्यांशु बुद्धिराजा सहित अन्य युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया। दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को प्रभावित करने वाले सात मुख्य मुद्दे बेरोजगारी, अग्निवीर सेना भर्ती, नशा, सरकारी भर्तियां, विदेशी पलायन, शिक्षा, खेल आदि के तहत नौजवानों को इस अभियान के तले जोडने़ की बात कही। उन्होंने बताया कि प्रदेश का युवा आज इन समस्याओं से जूझ रहा है और इन समस्याओं का क्या समाधान हो सकता इस विषय पर युवा कांग्रेस इस अभियान के माध्यम से युवाओं के बीच जाकर संवाद कार्यक्रम करेगी।

उन्होंने कहा कि हम एक युवा राष्ट्र है, और अगर किसी प्रदेश का युवा अगर हर समय दिक्कत और परेशानियों से ही घिरा रहेगा तो फिर उस प्रदेश का न तो कोई विकास हो सकता और न ही उस प्रदेश का कोई भविष्य सोचा जा सकता हैए इसलिए युवा जोड़ो.हरियाणा जोड़ो अभियान के माध्यम से युवा कांग्रेस इन सभी विषयो पर युवाओं के साथ संवाद करेगी और उन समस्याओं के लिए सरकार से संघर्ष भी करेगी।

चार वाइस प्रेसीडेंट,17 महासचिव नियुक्त किये

इस दौरान युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा ने जिला फरीदाबाद युवा शहरी की कांग्रेस कार्यकारिणी घोषित करते हुए बताया कि कार्यकारिणी में चार वाइस प्रेसीडेंट, 17 महासचिव नियुक्त किए है, जिनमें निशा गौतम, नदीम खान, नेहरू शर्मा, रविन्द्र बैंसला को वाइस प्रेसीडेंट, अकुंर कंवर, अशुंल भारद्वाज, मोहन चौहान, पंकज अरोड़ा, आनंद राजपूत, विनोद रावत, अमित कुमार, अमित गुप्ता, दीपक डोबरियाल, शिवा करदम, दुर्गा प्रसाद, निशांत ठाकुर, रवि शेखर, सलमान, मंसूरी, सोनू नागर, बंटी चौधरी व राकेश जैन को जनरल सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है, जबकि विनय भाटी सोशल मीडिया को.कोर्डिनेटर हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस, आकाश गुप्ता सोशल मीडिया कोर्डिनेटर फरीदाबाद लोकसभा युवा कांग्रेस, ललित शर्मा मीडिया कार्डिनेटर जिला फरीदाबाद फरीदाबाद युवा कांग्रेस, शिवम पाण्डेय जिला फरीदाबाद सोशल मीडिया कोर्डिनेटर युवा कांग्रेस की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम के अंत में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने पहुंचकर सभी नवनियुक्त युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा और उम्मीद जताई कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी पूरी तत्परता से कार्य करके कांग्रेस संगठन को मजबूत करेंगे।

दशहरा पर्व समारोह की तैयारियां पूर्ण

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। श्री बजरंग दल दशहरा कमेटी की और से बराही तालाब ओल्ड फरीदाबाद में 24 अक्टूबर को मनाए जाने वाले दशहरा समारोह की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। आज आयोजन समिति के पदाधिकारी निर्वतमान पार्षद सुभाष आहूजा, परविन्दर मल्होत्रा, प्रधान सन्नी नारंग, सह.अध्यक्ष सतीश आहूजा, कोषाध्यक्ष हेमंत खुराना, महासचिव पीयूष ग्रोवर, पवन डाबर सभी ने कार्यक्रम स्थल का मुआयना किया और रावण, मेघनाथ और कुम्भकर्ण के पुतले बना रहे कारीगरों को कुछ सुधार करने के दिशा निर्देश दिए। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम को यादगार और ऐतिहासिक बनाने के लिए कोई भी कमी नहीं छोड़ी जा रही है। उन्होनें बताया कि वे पिछले 23 वर्षो से दशहरे का सफल आयोजन करते आ रहे है और लोगों का भरपूर सहयोग मिलता है। सुरक्षा की दृष्टि से सभी प्रंबध किए गए है। दशहरा समारोह में केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड, निर्वतमान वरिष्ठ उपमहापौर देवेन्द्र चौधरी, हरियाणा स्टेट फार्मेसी काऊन्सिल के चेयरमेन धनेश अदलक्खा व सखी सरोवर बिरादरी के चेयरमैन ओम प्रकाश डाबर को भी आंमत्रित किया गया है। इस अवसर पर सैटल मार्किट के प्रधान रिन्कू गर्ग, शुभंम अरोड़ा, अशोक ढीगड़ा, सैनी समाज से सचिव सैनी व अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

ग्रुप डी की परीक्षा देने के लिए विभिन्न जिलों से नारनौल पहुंचे परीक्षार्थी, शांतिपूर्वक हुई सम्पन्न

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल।स्थानीय शहर व आसपास के गांवों में स्थित सरकार व निजी स्कूलों में राज्य कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित ग्रुप डी के कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट का रविवार को भी आयोजन किया गया। इस परीक्षा को देने के लिए हजारों की संख्या में विभिन्न जिलों से परीक्षार्थी पहुंचे। परीक्षा केंद्रों में भिवानी रोहतक व हिसार के ज्यादा परीक्षार्थी थे जबकि जिले की महिलाओं को जिले में ही सेंटर दिया गया था। परीक्षा केंद्रों के बाहर एक फोटो कॉपी की दुकान खुली रहने पर पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ मामला भी दर्ज किया है। वहीं परीक्षा के चलते रविवार को भी दिन भर नारनौल शहर में जाम जैसी स्थिति रही। राज्य कर्मचारी चयन आयोग की ओर से रविवार को ग्रुप डी की नौकरियों के लिए कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट का आयोजन किया गया। नारनौल शहर व आसपास इसके लिए 20 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जबकि इतने ही परीक्षा केंद्र महेंद्रगढ़ शहर में बनाए गए हैं। परीक्षा देने के लिए नारनौल में भिवानी, हिसार, फतेहाबाद और रोहतक आदि जिलों के परीक्षार्थी पहुंचे। हालांकि इस परीक्षा में अनुपस्थित रहने वालों की संख्या भी ज्यादा ही है। शनिवार को भी इस परीक्षा में जिला भर में 15854 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे थे।

भाजपा ने क्षेत्र के लोगों के साथ किया भेदभाव : अतरलाल

मंडी अटेली। अटेली हल्के की चीर लंबित मांगों को लेकर गांव कटकई के ग्रामीणों ने गांव में एकत्रित होकर अटेली के साथ सरकार की भेदभाव पूर्ण नीति को लेकर मीटिंग की। मीटिंग में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दौंगड़ा अहीर रैली में अटेली को उपमंडल बनाने, दौंगड़ा अहीर को उप तहसील बनाने, अटेली विधानसभा में आईएमटी स्थापित करने तथा कनीना में लेबर ऑफिस स्थापित करने की घोषणा की थी। परंतु सरकार किसी भी घोषणा को पूरा करने में न केवल विफल रही है बल्कि क्षेत्र के साथ नौकरियों, नहरी पानी तथा विकास कार्यों में भी भेदभाव किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि सरकार थोड़ी सी भी संवेदनशील है तो उसे तुरंत अटेली को उपमंडल व दौंगड़ा अहीर को उप तहसील बनाने की घोषणा करनी चाहिए। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को भरोसा दिलाते हुए कहा कि यह चुनावी वर्ष है। प्रदर्शनकारियों ने अटेली को उपमंडल बनाओ, युवाओं को रोजगार दो के जोरदार नारे लगाकर रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान बृजपाल, वीरपाल प्रजापत, जयदयाल, राधेश्याम, राम अवतार चौहान, ओमप्रकाश, रतन सिंह, सवाई सिंह, हनुमान गुरूजी, मुकेश, बजरंग, सूरजभान, ओमप्रकाश, राज सिंह, कालूराम, हरि सिंह, अजय, राकेश कुमार, सज्जन, संजय कुमार, चेयरमैन भाग सिंह तंवर, कैलाश सेठ सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

9.25 करोड़ में बनेगा नगर परिषद का नया कार्यालय भवन

एस्टीमेट बनाकर भेजा, नया भवन होगा चार मंजिला

पुराने भवन में चल रही नगर परिषद के जल्द बदलेंगे हालात

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। आगामी दिनों में स्थानीय नगर परिषद के नये भवन का कार्य शुरू हो सकता है। इसके लिए नगर परिषद के प्रशासनिक अधिकारियों ने नगर निकाय विभाग को चार मंजिला कार्यालय भवन बनाने के लिए एक प्रस्ताव भेजा है, जिसका एस्टीमेट लगभग 9.25 करोड़ रुपये अनुमानित बजट रखा गया है। यह यह बजट स्वीकृत हो जाता है तो नगर परिषद के सारे कार्यालय एक छत के नीचे होंगे तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ आमजन को भी इधर-उधर कार्यालयों में चक्कर काटने से राहत मिल सकेगी।उल्लेखनीय है कि शहर की पंचायत यानि प्रदेश सरकार द्वारा नगर पालिका का दर्जा बढ़ाकर नगर परिषद बना चुकी है, लेकिन इसके कार्यालय आज भी पुराने भवनों में ही चल रहे हैं। यह सारे कार्यालय एक परिसर में बने होने के बावजूद अलग-अलग टुकड़ों में बने हुए हैं। हालांकि बीच में एक नई बिल्डिंग तैयार की गई, लेकिन उसके द्वितीय फ्लोर पर नगर परिषद प्रशासक का कार्यालय बना हुआ है, जबकि प्रथम फ्लोर पर जन्म-मृत्यु पंजीकरण करने वाले कार्यालय का कब्जा है। इस कारण नगर परिषद चेयरमैन, कार्यकारी अधिकारी, सचिव, कार्यकारी अभियंता समेत विभिन्न शाखाएं अलग-अलग जगहों पर महज एक-एक कमरे के कार्यालयों में चल रहे हैं। खास बात यह है कि नगर परिषद परिसर में नगर पार्षदों के बैठने के लिए कोई कक्ष नहीं बनाया हुआ है और न ही विश्राम कक्ष बनाया गया है। जब भी नगर परिषद के पार्षदों की मीटिंग होती है, तब-तब ही नगर परिषद की चेयरपर्सन कार्यालय को इस उपयोग में लिया जाता है। जो 31 नगर पार्षदों एवं नप अधिकारियों व स्टॉफ के बैठने के लिए अपर्याप्त होता है, लेकिन मीटिंग हॉल के अभाव में इस कार्यालय में ठसाठस कुर्सियां डालकर बैठकें की जाती रही हैं, जबकि नगर पार्षद मीटिंग हॉल निर्माण समेत नगर परिषद के नए कार्यालय भवन निर्माण की मांग कई बार प्रस्ताव में डाल चुके हैं, लेकिन वह प्रस्ताव महज फाइलों तक ही सीमित रह गए। गत 7 अक्टूबर को विभाग के निदेशक डा. यशपाल यादव ने नारनौल नगर परिषद का दौरा किया, तब नए भवन निर्माण की उम्मीदों को पंख लगे। उन्होंने नगर परिषद कार्यालय परिसर देखने उपरांत नए भवन का नक्सा भी देखा तथा अधिकारियों को एस्टीमेट बजट बनाकर प्रस्ताव बनाकर भेजने के दिशा-निर्देश दिए।

परिसर में बना है मंदिर

नगर परिषद के एक भवन को छोड र सारे कार्यालय पुराने कमरों यानि भवनों में चल रहे हैं। यह दो से चार कमरों के भवन अलग-अलग जगह पर बने हुए हैं। इन्हीं के बीच फायर ब्रिगेड कार्यालय के साथ मां दुर्गा का मंदिर बना हुआ है। विभागीय निदेशक ने गत 7 अक्टूबर के दौरे में इस मंदिर तथा साथ बने प्रशासकीय अधिकारी भवन को छोड र बाकी कार्यालयों को तोड़कर नई बिल्डिंग बनाने के दिशा-निर्देश दिए हैं। नया भवन फायर ब्रिगेड की तरफ बनाने की संभावना है।

आधुनिक सुविधाओं युक्त होगा नया भवन: कमलेश सैनी

नगर परिषद का नया भवन चार मंजिला होगा। इसमें आधुनिक सुविधा युक्त कार्यालयों की स्थापना की जाएगी। साथ ही एक बड़ा मीटिंग हॉल तैयार किया जाएगा, जिसमें नगर परिषद चेयरमैन, पार्षद एवं अधिकारी एकसाथ बैठ कर मीटिंग कर सकेंगे। इसके साथ ही एक वीडियो कांफेंस हॉल भी तैयार किया जाएगा। बाकी कार्यालय भी एक ही छत के नीचे लाए जाएंगे, ताकि नगर परिषद आने वाले नागरिकों को इधर-उधर अलग-अलग बने कार्यालयों में चक्कर न लगाने पड़े। इस संबंध में नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता सुंदर सिंह श्योराण ने बताया कि नगर परिषद का नया कार्यालय भवन निर्माण का प्रस्ताव विभाग को भेजा गया है। नया भवन चार मंजिला होगा तथा इसमें मीटिंग हॉल एवं वीडियो कांफेंस हॉल समेत सभी आधुनिक सुविधाएं होंगी। इसका एस्टीमेट इस बारे में नपा चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने बताया कि परिषद का नया कार्यालय भवन बनाने की योजना को सिरे चढ़ाने के प्रयास जारी है। डायरेक्टर से बात हुई है। गत 7 अक्टूबर को निदेशक डा. यशपाल यादव ने दौरा किया था, तब यह मुद्दा उठाया था। अब नया प्रपोजल एवं एस्टीमेटर बनाकर उन्हें भेजा गया है, जिसकी शीघ्र मंजूरी मिलने की संभावना है। नया भवन बनने पर अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ-साथ आमजन को भी फायदा होगा।

विधायक नीरज शर्मा ने किया एनआईटी विधानसभा के गावों की सड़कों का शुभांरभ

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। विधायक नीरज शर्मा ने एनआईटी विधानसभा के अर्न्तगत आने वाले गांवों में लोक निर्माण विभाग के द्धारा बनाए जाने वाले लगभग 7 करोड रूपए के रास्तो का उद्धघाटन किया। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि इसमें गांव बाजडी लिंक रोड, गांव कोट लिंक रोड, गांव धौज बंद रोड, गांव सिलाखडी, लिंक रोड नया गांव मोहताबाद, नया गांव मोहताबाद से गौठडा मोहताबाद का निर्माण कार्य शुरू हो गया है जल्द इन रास्तो का के बनने गांव वासियों को परेशानी से निजात मिलेंगी और मुख्य मार्ग सुगम होगे। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के अतंर्गत आने वाली सडके जोकि टूट गई है उसके पुन निर्माण के लिए 25-25 करोड रूपए दिए जाएगें। इसी मामले को लेकर विधायक नीरज शर्मा ने अपनी विधानसभा के गांवों की 20 सडको को रिपेयर एंव दुरस्त करने के लिए मांग पत्र दिया था। एनआईटी विधानसभा के गांवो की 11 सडकों को विभाग द्धारा मजूंर किया गया था जिसकी लागत लगभग 10 करोड रूपए आएगी। जिसमें नेकपुर लिंक रोड, आलमपुर से सिरोही, आलमपुर से धौज लिंक रोड, नया गांव लिंक रोड, सरकारी स्कूल धौज लिंक रोड, सिलाखडी लिंक रोड, सिरोही, नया गांव से मोहताबाद, सरूरपुर से मादलपुर, सिलाखडी से गांव धौज बंद, लिंक रोड से मादलपुर की सडको को दुरस्त किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जो सडके रह गई है उनके टेंडर की मिर्याद अनुसार ठेकेदारों को नोटिस जारी किया जा रहे है कि डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड के तहत सडको को रिपेंयर करे। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के एसडीओ इंदुराज, वेदपाल भडाना सरंचप पाखल, पप्पी भडाना, अशोक त्यागी, जसबीर सरंपच मोहताबाद, गजराज सरंपच, भुले सरंपच, गिर्राज, महेन्द्र बाबा, श्यामलाल, शेर सिंह, रामी फौजी, संतराम, प्रकाश पंडित, फारूख ठेकेदार, सजिद सरंपच धौज, नजमुद्धीन ब्लांक मैम्बर, जुनेद खान, मुस्लिम, इस्माईल उर्फ काले, मुजाहीद, इरफान, राहुल, जिन्ना,भगवात कौशिक, गांव कोट से विजय पाल पूर्व सरंपच, महेश, परसुराम, कर्नल, मेहर सिंह मावई, छतर ठेकेदार, धर्मपाल एंव गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम | कहीं लंका दहन तो कहीं मां भगवती के जागरण में पहुंचे कांग्रेसी नेता

संस्कृति एवं परंपरा को जीवित रखते हैं त्यौहार : विजय प्रताप

- अपराधिक गतिविधियों में लिप्त अनेकों आरोपियों को किया गिरफ्तार

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। कांग्रेसी नेता विजय प्रताप सिंह ने शनिवार को शहर में अलग-अलग स्थानों पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। 2 नंबर एन ब्लॉक में रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित लंका दहन कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने लंका दहन कराया और कहा कि न्यू टाउनशिप के लोग हमेशा सामाजिक-धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढकर भाग लेते हैं। जब भी बात होती धार्मिक आयोजनों की तो एनआईटी क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। हम कह सकते हैं एनआईटी क्षेत्र के लोगों ने हमारी परंपरा, हमारी संस्कृति को जीवित रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हालांकि कुछ लोग स्वार्थ की पूर्ति हेतु धार्मिक आयोजनों को भी राजनीतिक अखाड़ा बनाने से नहीं चूकते। उन्होंने रामलीला कमेटी को 31 हजार रुपए का सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर एल डी खत्री, गौरव खत्री, सोनू, गुलशन खत्री, कुमार लाल खत्री, रमेश खत्री, भुवनेश बत्रा, विनोद खत्री, इशांत कथूरिया, मुकेश सरदार, कुलवंत सिंह, सुखदयाल मौजूद रहे। वहीं, एसजीएम नगर सैक्टर-48 में उत्तराखंल जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित माता के जागरण में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि उत्तरंचल जन कल्याण समिति हर वर्ष सुंदर जागरण का आयोजन करती है और यह उनके द्वारा 5वां जागरण है। इस तरह के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम हमारी परंपरा एवं संस्कृति के परिचाय है। ऐसे सुंदर कार्यक्रमों में अवश्य भाग लेना चाहिए, ताकि हम अपनी सभ्यता एव संस्कृति से परिचित हो सके।

उन्होंने कहा कि मां दुर्गा सब पर करूणा बरसाने वाली है और सृष्टि पर विचरण करने वाले सभी चर-निराचर जीवों का कल्याण करती हैं। विजय प्रताप ने आयोजन समिति को 1 लाख रुपए का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में उनके साथ उनकी धर्मपत्नी वेनुका प्रताप, गौतम सजवान, सूबेदार सत्तार, देव सिंह गुसाई, योगेश बुदाकोटी, देवेंद्र गुसाई, के पी भट्ट, मनोज सजवान, महामंडलेश्वर अर्जुन गिरी महाराज, महंत ललित गिरी (गोस्वामी), नरेश रावत, सुनील, राजा हरिचंद्र ज्वेलर्स, विजय रावत, राजेश बैंसला, विरेंद्र उर्फ बिल्लू मावी, भारत भूषण आर्य, विनोद कौशिक, बलराज बैंसला संस्था प्रधान, सदस्य राकेश रावत, ओमप्रकाश गौड़, हरीश ढौंडियाल, अशोक थपलियाल, राजवेंद्र कंडारी, ललित मनराल, कैलाश पंत, देवघर आशा रावत, सुनिता कंडारी, बिधाता बिष्ट, आंचल नेगी, आशा रावत, रेनू रावत, लक्ष्मी रावत, सोभा भट्ट, कमला रावत, सोभा बिष्ट, रीना भंडारी आदि ने शिरकत की।

नव युवा संगठन को दिये 21 हजार

ओल्ड फरीदाबाद में नव युवा संगठन सैनी समाज द्वारा आयोजित मां भगवती जागरण में विजय प्रताप ने शिरकत की और माता रानी का आशीर्वाद ग्रहण किया। उन्होंने नव युवा संगठन को 21 हजार रुपए का सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में डॉ संजय सैनी, एडवोकेट ओमप्रकाश सैनी, अमित सैनी, साहिल सैनी, महेश सैनी, सूरज सैनी, मोहित, सतेंदर, रवि, सतीश, सागर मौजूद रहे।

दूसरे की जगह फर्जी अभ्यार्थी बनाकर ग्रुप डी का पेपर देने आए आरोपी झुंझनू निवासी नरेश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सात्विक देव, भरोसा मित्र

आरोपी ने तनीष कुमार की जगह पेपर देने के लिए 7000 में की थी डील

फरीदाबाद। सिटी बल्लभगढ़ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सतीश व उनकी टीम ने ग्रुप डी के पेपर में अभ्यार्थी की जगह पेपर देने आए फर्जी अभ्यार्थी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम नरेश है जो राजस्थान के झुंझुनू जिले के किशनपुरा गांव का रहने वाला है। कल ग्रुप डी के दो शिफ्ट में पेपर थे जिसमें शाम की शिफ्ट में आरोपी बल्लभगढ़ के आर्य विद्या मंदिर परीक्षा केंद्र में रेवाड़ी के बिहारीपुर गांव के रहने वाले तनीष कुमार की जगह पेपर देने पहुंचा था जिसका एग्जामिनेशन टीम को पता चल गया और उसे मौके से काबू कर लिया गया।

सुपरिंटेंडेंट योगेश सिंह की शिकायत के आधार पर सिटी बल्लभगढ़ थाने में हरियाणा सार्वजनिक परीक्षा भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के उपाय एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। फर्जी अभ्यार्थी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि इससे पहले वह फरीदाबाद सेक्टर 49 में स्थित सेंट जॉन्स स्कूल में अपना पेपर सुबह की शिफ्ट में देकर आया था और उसके बाद वह शाम की शिफ्ट में तनीष कुमार की जगह पेपर देने पहुंचा था। आरोपी ने बताया कि उसने पंकज नाम के नारनौल के रहने वाले व्यक्ति के माध्यम से यह पेपर करने के लिए 7000 में डील की थी।

उसने बताया कि उसकी मुलाकात आरोपी पंकज के साथ नारनौल बस स्टैंड के पास स्थित टॉपर एकेडमी में हुई थी जहां से उन्होंने पेपर दिलाने के लिए पैसों में बात की जिसका एग्जामिनेशन टीम को पता चल गया और उन्होंने आरोपी को मौके से काबू करके कर लिया।

मामले में शामिल आरोपी पंकज तथा तनीष की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम द्वारा दबिश दी जा रही है और मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपी नरेश को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया गया है जिसमें पुलिस रिमांड के दौरान मामले में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी प्राप्त करके उनके धरपकड़ की जाएगी।

या देवी सर्वभूतेषु मां सिद्धिदात्री रुपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
आप सभी को
महानवमी
की हार्दिक शुभकामनाएं।
मां सिद्धिदात्री
शक्ति रुपेण मां भगवती के
नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री का ध्यान
कर सभी के लिए सुख-सम्पन्नता
की प्रार्थना करता हूँ।
मां सिद्धिदात्री की आरती
जय सिद्धिदात्री मां तू सिद्धि की दाता।
तू भक्तों की रक्षक तू दासों की माता।।
तेरा नाम लेते ही मिलती है सिद्धि।
तेरे नाम से मन की होती है शुद्धि।।
कठिन काम सिद्ध करती हो तुम।
जभी हाथ सेवक के सिर धरती हो तुम।।
तेरी पूजा में तो ना कोई विधि है।
तू जगदम्बे दाती तू सर्व सिद्धि है ।।
रविवार को तेरा सुमिरन करे जो।
तेरी मूर्ति को ही मन में धरे जो।
तू सब काज उसके करती है पूरे।
कभी काम उसके रहे ना अधूरे।।
तुम्हारी दया और तुम्हारी यह माया।
रखे जिसके सिर पर मैया अपनी छाया।।
सर्व सिद्धि दाती वह है भाग्यशाली।
जो है तेरे दर का ही अम्बे सवाली ।।
हिमाचल है पर्वत जहां वास तेरा।
महा नंदा मंदिर में है वास तेरा।।
मुझे आसरा है तुम्हारा ही माता।
भक्ति है सवाली तू जिसकी दाता।।
/pk4gurugram
पंकज डावर
विधानसभा : गुरुग्राम